## न्यूज ब्रीफ

### एयूएफ काजी बोर्ड के जिलाध्यक्ष के पिता का निधन, जताया शोक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एयूएफ काजी बोर्ड के जिलाध्यक्ष व बड़ी मस्जिद के इमाम हाफिज मोहम्मद जाहिद अंसारी के पिता मोहम्मद इकबाल अंसारी का लंबी बीमारी के बाद 83 वर्ष की आयु में इंतकाल हो गया। उनके निधन पर तमाम लोगों ने दुख जताया है। महानगर के मोहल्ला अली जई निवासी हाफिज जाहिद के पिता विगत तीन माह से उपचाराधीन थे। रविवार कर रात नौ बजे उनका जिला अस्पताल में निधन हो गया। परिवार में चार पुत्र और दो पुत्रियां हैं। इकबाल अंसारी आर्डिनेंस क्लोदिंग फैक्ट्री से सेवानिवृत थे। सोमवार को सुबह 10 बजे उन्हें शोकाकुल माहौल में जंगल स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। उनके निधन पर सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां, हाफिज मोहम्मद अनीस अत्तारी, मुजीब अत्तारी, शाहनवाज कादरी, डा इरशाद हुसैन, मास्टर आजाद, जाहिद अंसारी, मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद वाहिद, मोहम्मद नौशाद, अफवान खां समेत तमाम लोगों ने शोक जताया है।

### सोने की मूर्ति बताकर दस लाख रुपये ठगे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हरिद्वार के एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि रोजा थाना क्षेत्र के दो लोग उसके संपर्क में आए और कहा कि सोने की मूर्ति है और दस लाख रुपये में बेचना चाहते है। आरोपियों ने उसे मूर्ति देने के लिए रविवार को जमुका बुलाया। आरोपियों ने उससे दस लाख रुपये ले लिए और मूर्ति दे दी। उसने मूर्ति की सुनार की दुकान पर जांच कराई तो मूर्ति पीतल की निकली। दोनों आरोपी गायब हो गए। रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### करंट लगने से बालक झुलसा, हालत गंभीर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सैजना गांव में बिजली की बंच लाइन टूटकर गिरने से आठ साल का बालक झुलस गया। झूलसे बालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव सैजना निवासी पूर्व प्रधान जगतपाल का आठ वर्षीय पुत्र घर के बाहर दोपहर को खेल रहा था। अचानक बिजली का बंच लाइन का तार टूटकर उसके ऊपर गिर गया, जो करंट लगने से झुलस गया। उन्होंने बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया।

# जहां होती है भक्ति वहां पहुंच जाते हैं भगवान

## भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु, दूसरे दिन कथा व्यास ने कई प्रसंगों का किया वर्णन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** चित्रा टाकीज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस सोमवार को कथा व्यास डॉ. दामोदर दीक्षित ने कर्दम ऋषि की कथा का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि कर्दम ऋषि को नौ पुत्रियां नवधा भक्ति के रूप में प्राप्त हुई थीं और जहां भक्ति होती है वहां भगवान स्वयं पहुंच जाते हैं। कथा के दौरान कपिल मुनि और उनकी माता के संवाद का भी वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि संसार के साथी और सामान में सुख या दुःख नहीं होता, बल्कि यह इन्द्रियों के सापेक्ष होता है और आत्मा से उसका कोई संबंध नहीं होता, जो वस्तु मिलती है वह कुछ समय के लिए ही मिलती है और फिर छूट जाती है।



श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस प्रवचन देते कथा व्यास डॉ. दामोदर दीक्षित।

कथा व्यास ने बताया कि आसक्ति के कारण मनुष्य की आंखों पर पर्दा पड़ जाता है, लेकिन संतों की कृपा से निर्मल बुद्धि प्राप्त होती है और तब सत्य का आभास होता है। उन्होंने संतों के लक्षण बताते हुए कहा कि जो गुरु प्रदत्त मंत्र का जप सहजता से करता है, परोपकारी और करुणामय होता है वही संत कहलाता है, केवल वस्त्र पहन लेने से कोई संत नहीं बन जाता। इसके बाद ध्रुव के चरित्र का वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि राजा उत्तानपाद की दो रानियां सुनीति और सुरुचि थीं। सुरुचि अपनी सौत से ईर्ष्या करती थी और उसने सुनीति को महल से बाहर रहने को विवश कर दिया। सुनीति के पुत्र ध्रुव और सुरुचि के पुत्र उत्तम थे। एक दिन खेलते-खेलते ध्रुव दरबार में पहुंचे और अपने पिता की गोद में बैठ गए, लेकिन सुरुचि ने उन्हें अपमानित करते हुए गोद से उतार दिया। दुखी होकर ध्रुव अपनी मां के पास पहुंचे तो मां ने उन्हें जगत पिता की शरण में जाने की सलाह दी। इसके बाद ध्रुव जंगल में जाकर नारद के उपदेश से भगवान की आराधना कर उन्हें प्राप्त कर लिया। कथा के दौरान प्रियव्रत की कथा सुनाते हुए बताया गया कि ब्रह्मा ने उन्हें पहले गृहस्थ आश्रम में रहने की सलाह दी, क्योंकि काम, क्रोध और मोह जैसे विकारों पर विजय इसी आश्रम में प्राप्त की जा सकती है। जड़ भरत के प्रसंग के माध्यम से बताया गया कि उच्च कोटि के संत और तपस्वी होने के बावजूद मृगशावक के मोह में पड़कर अगले जन्म में उन्हें मृग योनि प्राप्त हुई। दया भी जब आसक्ति बन जाती है तो वह बंधन का कारण बनती है। कार्यक्रम की शुरुआत खन्ना परिवार के पुरोहित की ओर से देव पूजन के साथ हुई। इसके बाद रमेश त्रिपाठी, प्रसून त्रिपाठी और रामबली ने हनुमान चालीसा का पाठ और भजन प्रस्तुत कर प्रभु की स्तुति की। रामदुलारे त्रिगुणायत ने अयोध्या कांड की कथा में राम-केवट संवाद सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। पीलीभीत से आए पंडित सुमन ने रामचरितमानस पर प्रवचन दिया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य रामानंद दीक्षित ने किया।

कथा के दौरान मुख्य यजमान कमलेश कुमार खन्ना, ध्रुवनारायन मेहरा और सुधा मेहरा ने व्यास जी अन्य विद्वानों का माल्यार्पण कर स्वागत व पूजन किया। कार्यक्रम में सोमनाथ कपूर, सरिता कपूर, जयप्रकाश खन्ना, चंद्रशेखर खन्ना, रोली खन्ना, रागिनी खन्ना, ओम खन्ना, डॉ. राम मेहरोत्रा सहित अनेक भक्तों का सहयोग रहा। कथा के अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। कल तृतीय दिवस की कथा प्रातः 08:30 से 11:30 बजे तक और सायंकाल 03:30 से 06:00 बजे तक दोनों सत्रों में आयोजित होगी।

# मशाल जुलूस को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन ने की बैठक

**अमृत विचार :** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) की जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सेवारत शिक्षकों पर टेट लागू करने के आदेश के विरोध में आगामी मशाल जुलूस को सफल बनाने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि सेवारत शिक्षकों पर टेट लागू करने का निर्णय पूर्णतः अन्यायपूर्ण एवं शिक्षकों के हितों के विपरीत है। इस आदेश के विरोध में यूटा संगठन द्वारा प्रदेशभर में आंदोलन चल रहा है और शाहजहांपुर जनपद में भी यूटा संगठन के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकालकर विरोध दर्ज कराया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि 16 मार्च को होने वाले मशाल जुलूस में जनपद के अधिक से अधिक शिक्षक भाग लेकर अपनी एकता और अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करेंगे। यूटा जिलाध्यक्ष विनीत कुमार गंगवार ने बताया कि 16 मार्च 2026 को खिरनी बाग से शहीद पार्क तक मशाल जुलूस निकाला जाएगा, जिसमें जनपद के बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल होकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे।

बैठक में जिला महामंत्री हरिशंकर, जिला कोषाध्यक्ष पृथ्वीराज, संयुक्त महामंत्री अवनीश कुमार सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शिव सिंह, जिला प्रवक्ता अखिलेश माथुर, जिला लेखाकार सोनपाल, उपमंत्री राघवेंद्र कुशवाहा, ब्लॉक अध्यक्ष भावलखेड़ा विधु शेखर, ब्लॉक मंत्री नितिन वर्मा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# ओवरब्रिज की छत में दरार, हादसे की आशंका

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** नगर के मुख्य बाईपास चौराहे पर करोड़ों रुपये की लागत से बनाए गए ओवरब्रिज की छत में दरार दिखाई देने लगी है। इससे किसी भी समय हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार कई वर्षों की मेहनत और लगभग दो से तीन करोड़ रुपये की लागत से नगर के मुख्य बाईपास चौराहे पर ओवरब्रिज का निर्माण कराया गया था। बताया जा रहा है कि बाईपास चौराहे के ओवरब्रिज का निर्माण आरसीएल संस्था की ओर से कराया गया था। निर्माण के कुछ वर्षों बाद ही ओवरब्रिज की छत में दरार दिखाई देने लगी है और छत में लगा मसाला भी जगह-जगह से झड़कर गिरने लगा है। जनवरी से फरवरी के अंतिम सप्ताह तक एनएचआईटी की ओर से ओवरब्रिज के रंग-रोगन का काम कराया गया था, लेकिन



तिलहर के बाईपास चौराहे पर ओवरब्रिज की छत में दिखाई दे रही दरार।

- बाईपास चौराहे पर करोड़ों की लागत बना है ओवरब्रिज

इस संभावित गंभीर समस्या की ओर किसी भी अधिकारी का ध्यान नहीं गया। ओवरब्रिज के नीचे पूरे दिन काफी चहल-पहल रहती है और लोग धूप से बचने के लिए यहां खड़े होकर सवारी का इंतजार करते हैं। बरसात होने पर यात्री और राहगीर मोटरसाइकिल, ई-रिक्शा और साइकिल लेकर ओवरब्रिज के नीचे खड़े हो जाते हैं ताकि बारिश से बच सकें। इन परिस्थितियों में यदि कभी कोई हादसा हो जाता है तो बड़ी जनहानि होने की आशंका बनी हुई है। एनएचआईटी के प्रोजेक्ट मैनेजर अंजनी कुमार ने बताया कि ओवरब्रिज का निर्माण आरसीएल संस्था की ओर से कराया गया था। उनका काम केवल मेंटेनेंस का है। कर्मचारियों से स्थिति दिखवाकर रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दी जाएगी।

# सीबीएसई : नौ केंद्रों पर हुई 12वीं की गणित परीक्षा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सीबीएसई 12वीं की गणित परीक्षा सोमवार को नौ केंद्रों पर हुई। परीक्षा में पंजीकृत 944 छात्रों में 931 ने परीक्षा दी, जबकि 13 छात्र अनुपस्थित रहे। सीबीएसई से जुड़े राजीव मोहन पांडेय ने बताया कि सोमवार को गणित की परीक्षा एसएसएमवी, तक्षशिला पब्लिक स्कूल, द रेनेसां एकेडमी, मारवा मॉडर्न स्कूल, माधव राव सिंधिया स्कूल, लिटिल फ्लावर स्कूल, गुरूतेग बहादुर स्कूल, केवी वन व केवी टू आदि केंद्रों पर हुई। 12वीं की एप्लाइड मैथेमेटिक्स में कुल 22 छात्रों ने परीक्षा दी। जबकि गणित की परीक्षा में पंजीकृत 922 में से 909 छात्रों ने परीक्षा दी।

- 944 छात्रों में 931 ने दी परीक्षा अनुपस्थित रहे 13 छात्र

# बनेगा भूकंपीय स्टेशन, मिलेगी सटीक जानकारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** भाजपा सांसद अरुण सागर के पत्र पर केंद्रीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जितेंद्र सिंह ने संज्ञान लेते हुए शाहजहांपुर में नया भूकंपीय स्टेशन स्थापित करने की जानकारी दी है। सांसद की ओर से क्षेत्र में मौसम चेतावनी प्रणाली और भूकंप जैसी आपदाओं की समय रहते जानकारी उपलब्ध कराने के लिए सुझाव दिया गया था। मंत्री ने पत्र के माध्यम से बताया कि राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की योजना के तहत शाहजहांपुर में नया भूकंपीय स्टेशन स्थापित किया जाना प्रस्तावित है, जिससे क्षेत्र में भूगर्भीय गतिविधियों की सटीक निगरानी हो सकेगी।

मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान सेवाओं को मजबूत करने के लिए देश में एक व्यापक और अत्याधुनिक भूकंपीय नेटवर्क संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की



सांसद अरुण सागर।

ओर से 169 स्थायी भूकंपीय स्टेशनों के माध्यम से देशभर में भूकंपीय गतिविधियों की लगातार निगरानी की जा रही है। इस नेटवर्क को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए देशभर में 100 अतिरिक्त भूकंपीय स्टेशन स्थापित करने की योजना पर काम चल रहा है, जिसमें शाहजहांपुर को भी शामिल किया गया है। बताया गया कि इन नए स्टेशनों की स्थापना से भूकंप सेवाएं अधिक त्वरित, सटीक और व्यापक बन सकेंगी तथा आपदा पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत किया जा सकेगा। इससे जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

- राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की योजना में शाहजहांपुर किया शामिल

इसके साथ ही जिले के किसानों को अब मौसम की सटीक जानकारी और कृषि सलाह मोदीपुरम इकाई के माध्यम से सप्ताह में दो बार मंगलवार और शुक्रवार को नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। इससे किसानों को मौसम के अनुसार खेती से जुड़े निर्णय लेने में सहायता मिलेगी। सांसद अरुण सागर ने इस पहल पर मंत्री जितेंद्र सिंह का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि अचानक होने वाली बारिश, आकाशीय बिजली और भूकंप जैसी आपदाओं से किसानों को सबसे अधिक नुकसान होता है। ऐसे में समय पर चेतावनी और मौसम की सटीक जानकारी मिलने से किसानों और आम लोगों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर को इस योजना में शामिल किया जाना जिले की सुरक्षा और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# बिस्मिल टीम ने पाया प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** डीएलएड प्रशिक्षुओं की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सोमवार को हुई। इसमें 10 चरणों और तीन टीमों में बांट दिया गया। प्रतियोगिता में बिस्मिल टीम ने 60 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह से कल्पना चावला टीम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ और रानी लक्ष्मीबाई टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। सभी सभी प्रतिभागियों से इतिहास, भूगोल राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, उत्तर प्रदेश विशेष, साहित्य, कला और विज्ञान आदि क्षेत्रों से विविध प्रकार के प्रश्न पूछे गए। इस कार्यक्रम में डीएलएड 2024 और 2025 बैच के प्रतिभागियों ने प्रतिभा किया। इस प्रतियोगिता में संदीप कुमार, प्रद्युम्न कुमार यादव, सतवीर यादव, विश्वास अवस्थी,



डीएलएड प्रशिक्षुओं की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता प्रशस्ति पत्र व स्मृतिचिन्ह के साथ। ● अमृत विचार

- डीएलएड प्रशिक्षुओं की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

सौरभ, सोनाली देवल ,संध्या गंगवार, महविश, पूजा मौर्य, श्रद्धा गुप्ता, शिखा अवस्थी, शिल्पी वर्मा, पिंकी, शिवांगी वर्मा, इंद्राक्षी वर्मा आकांक्षा सक्सेना, तान्या, अनामिका, मधु, रेनू वर्मा, साक्षी सिंह आदि ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण प्रभारी बीएल मौर्य ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डायट प्रवक्ता जमाल अख्तर, डॉ. राकेश कुमार पटेल, अजीत कुमार मिश्रा,अमन कुमार, वरुणा उपाध्याय अतुल कुमार शुक्ला, टी आर गंगवार, अंजनी कुमार भारती, अमित कुमार और सुभाष चंद्र सिंह आदि का सहयोग रहा।

# कांशीराम के 92वें जन्मदिन को पीडीए दिवस के रूप में मनाएंगे सपाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर की बैठक

**अमृत विचार :** महानगर के मोहल्ला बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर महानगर व जिला कार्यकारिणी एवं नगर विधानसभा कार्यकारिणी की मासिक बैठक हुई।

बैठक में बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम के 92वें जन्मदिवस 15 मार्च को बहुजन समाज दिवस अर्थात पीडीए दिवस के रूप में महानगर के एक लॉन में मनाने को लेकर व एसआईआर में नोटिस के निस्तारण समेत हर बूथ पर वोट बढ़ाने को लेकर विचार विमर्श किया। पूर्व चेयरमैन तनवीर खां, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, सपा जिला महासचिव रणविजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष ओंकार सिंह, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश पाल, पुवायां विधानसभा अध्यक्ष विपिन दीक्षित, सपा नेता गोपाल अग्निहोत्री, छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष उत्पल यादव, अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष हाफिज अंसारी आदि ने विचार व्यक्त किए।

बैठक में महिला सभा की जिलाध्यक्ष किरन कठेरिया आदि मौजूद रहे।

### तमंचे के साथ वीडियो वायरल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अवैध तमंचे के साथ दो युवकों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में युवक तमंचे की नाल खोलते हुए दिखायी दे रहा है। एक युवक वीडियो बनाने की बात कह रहा है। यह वायरल वीडियो तिलहर क्षेत्र का बताया जा रहा है। पुलिस दोनों की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। रविवार को वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

## न्यूज डायरी



### स्कूल न जाने वाले बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराएं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार ने आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का उद्घाटन किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि यह प्रशिक्षण विशेष प्रशिक्षण के रूप में प्रत्येक विद्यालय के एक-एक अध्यापक को नोडल बनाने के उद्देश्य दिया जा रहा है, जो कि ड्राप आउट अथवा स्कूल न जाने वाले बच्चों को चिन्हित कर उनका विद्यालय में नामांकन करने के पश्चात शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। एआरपी सुशील रस्तोगी ने बताया कि ड्रॉप आउट एवं विद्यालय न जाने वाले बच्चों को सभी विद्यालय के शिक्षक हॉउस होल्ड सर्वे के अंतर्गत शारदा पोर्टल पर जोड़ते हैं, उन्ही बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इमरान सईद खां ने बताया कि हॉउस होल्ड सर्वे के अंतर्गत चिन्हित ड्राप आउट बच्चों को कक्षा 2 से 8 तक की कक्षा मे जोड़ कर उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने एवं सामान्य बच्चों की भांति शिक्षा देने के लिए विद्यालय के अध्यापको को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में मोहम्मद लतीफ, रविंद्र सिंह एवं मनोज शर्मा का सहयोग रहा। प्रशिक्षण में नीलम, सुनीता, अजर बेगम, सोनल, अनीता, श्वेता शर्मा, मुख्तार अहमद, हिमांशु दीक्षित आदि शामिल हुए।



### ईरान-गाजा हमलों पर रोष, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** ईदगाह प्रबंध समिति की ओर से सोमवार को मुस्लिम समाज की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता शहर इमाम हुजूर अहमद मंजरी ने की। वक्ताओं ने कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर सैय्यद अली खामेनेई की हत्या तथा ईरान के एक स्कूल पर रॉकेट हमले में 180 बच्चियों की मौत की घटना बेहद दुखद और निंदनीय है। उन्होंने इन घटनाओं की अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय से निष्पक्ष जांच कराए जाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। इसके साथ ही हमलों में मारे गए लोगों के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहल करने की भी मांग की गई। बैठक में वक्ताओं ने गाजा पट्टी (फिलिस्तीन) में जारी हमलों को तत्काल रोकने के लिए भारत सरकार से संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से हस्तक्षेप करने की अपील की। बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस दौरान ईदगाह प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष राहत अली खा कुन्नू, सचिव सैयद कासिम रजा, डा तारिक अली खां, मौलाना अनीस खां, मुफ्ती राहि रजा, आफाक अली खां बच्चन आदि मौजूद रहे।

### रमजान व इफ्तार की फजीलत पर डाली रोशनी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** लार्ड बुद्धा एजूकेशनल एंड कल्चर सोसाइटी की ओर से बीती शाम ईदगाह रोड स्थित एक मैरिज लॉन में वरिष्ठ समाजसेवी महबूब हुसैन इदरीसी की याद में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने मुल्क व कौम की तरक्की, गंगा जमुना तहजीब की सुरक्षा व आपसी भाईचारे के लिए दुआ की। मगरिब की अजान होते ही लोगों ने खजूर, पानी व अन्य पकवानों से रोजा इफ्तार किया। इसके बाद मगरिब की नमाज अदा की। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन तनवीर खां, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता मुन्ना, कांग्रेस अल्पसंख्यक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफाक उल्ला खां, बसपा जिलाध्यक्ष उदयवीर सिंह, पार्षद तालिब खान, पार्षद मोहम्मद रजी, पार्षद शब्बन अली, आफाक उल्ला खां, शायर असगर यासिर, हमीद खिजर, जगदीश प्रसाद नेता जी, एडवोकेट सुरेश पाल सिंह, बृजेश कुमार, सुमन सिंह, अनूप कुमार, असलम खान, आमिर अली, तोता राम, शकील अहमद, शरीफ अहमद, मास्टर इश्तियाक, मास्टर अशफाक, मास्टर आसिफ बेग व अन्य सैकड़ों लोगों ने इफ्तार किया। आयोजन में फैजान हुसैन इदरीसी, अफजल हुसैन इदरीसी, एसएल गौतम का योगदान रहा।



### बी पैक्स समिति के चुनाव में सुनील सिंह भदौरिया निर्विरोध अध्यक्ष

**जैतीपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के कीरतपुर बिहारी गांव में स्थित नवनिर्मित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बी पैक्स के चुनाव संपन्न हो गए। चुनाव में सुनील सिंह भदौरिया को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इसी चुनाव में रनवीर को उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया। चुनाव संपन्न होने के बाद समिति के संचालकों और किसानों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को बधाई दी। इस अवसर पर श्याम कृपाल, मोहन गुप्ता, सुशीला, लक्ष्मी, शांति, ब्रज कुमार गौतम, जसवंत सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# भविष्य के लिए खुद को तैयार करने का संकल्प लें महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- महिला दिवस समारोह में बोले सीएमओ डॉ. विवेक कुमार मिश्रा
- उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया

**अमृत विचार :** कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी में स्थित शहीद रोशन सिंह सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया। समारोह में महिलाओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान महिलाओं को जागरूक भी किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि विश्व में 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है।

लेकिन यह तारीख कैलेंडर पर सिर्फ एक दिन का जश्न नहीं है बल्कि हर महिला के लिए यह खुद को जागरूक करने, अपने महत्व को समझने और भविष्य के लिए खुद को तैयार करने का एक संकल्प है। सीएमओ ने कहा कि आज के इस भागदौड़ वाली जीवन में महिलाएं घर और करियर के बीच बेहतरीन तरीके से संतुलन बना रही हैं लेकिन कई बार वो इस जद्दोजहद में अक्सर खुद को पीछे छोड़ देती हैं।

एक सशक्त और आत्मनिर्भर महिला बनने के लिए यह जरूरी है कि आप केवल दूसरों का ख्याल न रखें, बल्कि अपनी सेहत, सुरक्षा और आर्थिक आजादी का भी ध्यान रखें।

समारोह में विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पीपी श्रीवास्तव, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ करन सिंह, डॉ इंदू शुक्ला, डीएचईआईओ वीरेन्द्र कुमार शर्मा, ओमांस मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षा और निपुण मिशन पर दिया जोर




कार्यक्रम में प्रतिभाग करते बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, बंडा

- बीडीओ ने उत्कृष्ट प्रधान और आंगनबाड़ी कर्मियों को किया सम्मानित

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से ब्लॉक संसाधन केंद्र बंडा पर हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का आरंभ खंड विकास अधिकारी विजयकांत मिश्र ने किया।

एआरपी टीम ने निपुण भारत मिशन के अंतर्गत पूर्व-प्राथमिक और प्राथमिक कक्षाओं की संरचना व उनकी भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को पूर्व-प्राथमिक स्तर पर विभागीय शिक्षण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी विजयकांत मिश्र ने कहा कि विद्यालयों को बेहतर स्वरूप देने के लिए चल रहे मिशन कायाकल्प को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में बीडीओ ने उत्कृष्ट ग्राम प्रधान फतेहचंद्र वर्मा, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर प्रीति गौतम और कोमल को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। साथ ही उपस्थित नौनिहालों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन पीटीआई वीरपाल सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम की सफलता में एआरपी सुनील कुमार, संजीव कुमार, वीरपाल, राममूर्ति, स्नेहलता गौतम तथा शिक्षक शैलेंद्र चौहान, नरेशचंद्र श्रीवास्तव, संतोष शुक्ला, हरीश गंगवार, आदेश अवस्थी, कुलदीप शुक्ला, गुरमेल सिंह, आशीष कुमार, दुष्यंत सिंह, दीनानाथ, अदिति, प्रियंका, योगेश शर्मा, मनोज कुमार, नितिन सिंह, विक्रम सिंह और अनुपम सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



| इफ्तार मंगलवार | सहरी बुधवार |
|---|---|
| सुन्नी : 06:20 | सुन्नी : 05:01 |
| शिया : 06:28 | शिया : 04:54 |

## न्यूज ब्रीफ

### कब्रिस्तान में घुसे कुत्ते को बोरे में बंद करके पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कब्रिस्तान में घुसे पालतू कुत्ते को बोरे में बंद कर लाठी-डंडों से पीटने का मामला प्रकाश में आया है। सोशल मीडिया पर कुत्ते को पीटने का वीडियो वायरल हो रहा है। यह मामला थाना सदर बाजार का बताया जा रहा है। एक 12 वर्षीय बालक का शिकायती प्रार्थना पत्र वायरल हो रहा है, लेकिन उसमें बालक का नाम और पता नहीं लिखा है तथा न ही हस्ताक्षर है। शिकायती पत्र के अनुसार बालक का कहना है कि शाम पांच बजे कुत्ते को टहलाने के लिए निकला था। इस बीच कुत्ता रस्सी से छूट गया था। आरोप है कि कब्रिस्तान के लोगों ने कुत्ते को बोरे में बंद कर लिया और मारना पीटना शुरू कर दिया। लोगों ने मकान की छत से वीडियो बना लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उनके संज्ञान में नहीं है।

### बंदरों के हमले में बुजुर्ग महिला गंभीर घायल

**परौर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव जरौली में बंदरों के हमले से 60 वर्षीय जमीला गंभीर रूप से घायल हो गईं। सोमवार सुबह करीब नौ बजे वह अपने घर के बाहर चारपाई पर बैठी थीं। तभी अचानक बंदरों का झुंड वहां पहुंच गया और उन पर हमला कर दिया। हमले से घबराकर जमीला चारपाई से नीचे गिर पड़ीं। बंदरों ने उन्हें कई जगह काट लिया और नोंच डाला, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बंदरों को भगाया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई और उन्हें उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। लोगों में दहशत बैठी है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लंबे समय से बंदरों का आतंक बना हुआ है और कई बार बच्चों व बुजुर्गों पर हमले हो चुके हैं। इससे लोग परेशान है। लोगों ने प्रशासन से बंदरों की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है।

# जनसुनवाई में महिलाओं की 18 शिकायतें

## राज्य महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी ने जनसुनवाई कर दिए त्वरित कार्वाई के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी ने सोमवार को जिला शाहजहांपुर का भ्रमण कर महिलाओं की समस्याओं के समाधान और महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लिया। प्रातः 11 बजे विकास भवन सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी जीत सिंह राय ने स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने अनुमति लेकर जनसुनवाई प्रारंभ कराई।

जनसुनवाई के दौरान सदस्य ने महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुना। सुनवाई में घरेलू हिंसा के सात, जमीनी विवाद के तीन, छेड़छाड़ का एक, अपहरण के दो, सामूहिक विवाह का एक, यौन शोषण का एक और अभद्र व्यवहार का एक सहित कुल 18 शिकायतें प्राप्त हुईं। सदस्य ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना आयोग की प्राथमिकता है। जनसुनवाई के बाद बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में जिला को चौथी रैंक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर संरक्षण अधिकारी निकेत कुमार सिंह और प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनय शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सदस्य ने प्रेस वार्ता कर महिला सुरक्षा, सम्मान और सरकार की महिला कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी जीत सिंह राय, जिला विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी इशिका सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहम्मद आसिफ, महिला थाना प्रभारी रश्मि, जिला सूचना अधिकारी बाबूराम, एसडीओ प्रभारी महेंद्र सिंह, आरती भदौरिया, ओंकार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अंत में जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके बाद सदस्य ने सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर पीड़ित महिलाओं को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिया कि जरूरतमंद महिलाओं को संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा, केंद्र प्रबंधक नमिता यादव सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।



कार्यक्रम में पहुंचीं महिलाएं। ● अमृत विचार



लोगों को संबोधित करतीं महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी।

### गोद भराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम कराया

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकास खंड निगोही में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, आशा बहुओं और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में श्रीजी, ज्योति, रोशनी, नाभिया, जेहरा फातिमा, आव्यारूही, आर्या, प्रिया और किंजल को बेबी किट भेंट की गई। इसके बाद आईसीडीएस विभाग की ओर से चंदा और सुनीता की गोद भराई तथा श्रेया और शिवानी का अन्नप्राशन कार्यक्रम भी कराया गया। कार्यक्रम में सुजीता कुमारी, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, ब्लॉक प्रमुख भानु प्रताप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रिकबरी टीम पर हमला ट्रैक्टर छीन ले गए आरोपी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- ट्रैक्टर की किश्त बकाया होने पर वाहन जब्त करने गई थी टीम एक व्यक्ति घायल

**अमृत विचार :** जैतीपुर में एक बैंक की रिकबरी टीम ट्रैक्टर की किश्त बकाया होने पर वाहन जब्त करने गई थी। टीम ट्रैक्टर लेकर आ रही थी। इस बीच दबंगों ने रास्तें में रिकबरी टीम पर हमला बोल दिया। इसमें टीम का एक सदस्य घायल हो गया। आरोपी ट्रैक्टर छीनकर ले गए। रिकबरी टीम ने थाना पर तहरीर दी है।

जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव बंथरी के एक व्यक्ति ने पांच साल पहले कोटक महिन्द्रा बैंक से एक ट्रैक्टर फाइनेंस कराया था। उसने एक किश्त जमा की और उसके बाद कोई किश्त जमा नहीं की। कोटल महिन्द्रा बैंक ने उसे कई बार नोटिस दिया कि ट्रैक्टर की किश्त आकर जमा कर दो।

उसके ऊपर नोटिस का कोई फर्क नहीं पड़ा। चौक कोतवाली क्षेत्र में बरेली मोड़ पर स्थित कोटक महिन्द्र बैंक के कलेक्शन मैनेजर राजू सिंह अपनी टीम के साथ रविवार की दोपहर जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव बंथरी गांव में गए। टीम के साथ दो सिपाही भी गए। टीम ने किश्त जमा करने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया। सिपाही कुछ देर बाद चले आए। टीम ने टैक्टर स्टार्ट किया तो स्र्टाट नहीं हुआ तो टीम उसे खींचकर लाने लगी। गांव से करीब तीन किमी दूर ट्रैक्टर मालिक अपने साथियों के साथ आ गया और टीम पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

आरोपी ट्रैक्टर जबरन छीनकर ले गए। मारपीट में टीम का एक सदस्य घायल हो गया। रिकबरी मैनेजर का आरोप है कि सिपाहियों को फोन किया तो उनका मोबाइल स्वीचआफ था। ट्रैक्टर रिकबरी के लिए कोर्ट का आदेश है। आरोप है कि पुलिस ने घायल का न ही मेडिकल कराया और न ही रिपोर्ट दर्ज की है। जैतीपुर थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा ने बताया कि तहरीर मिल गयी और मामले की जांच की जा रही है।

# दहेज के लिए गर्भवती के साथ मारपीट कर घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- दो लाख रुपये मांगे, पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** दहेज में दो लाख रुपये न देने वर ससुराल वालों ने गर्भवती महिला को पीटा और घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला सरायकाइया निवासी प्रीती राठौर ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी एक साल पूर्व धर्मेंद्र राठौर निवासी आनंदपुरम कालोनी चौक कोतवाली के साथ हुई थी। उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से दो लाख रुपये मंगाकर दो। पीड़िता से ससुराल वालों से कहा कि मायके वाले दो लाख रुपये नहीं दे पाएगे। इस बात ससुराल वाले नाराज हो गए और प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि 7 मार्च की रात ससुराल वालों ने पीटा और घर से निकाल दिया। पीड़िता चार माह की गर्भवती है, जिस कारण उसे काफी तकलीफ हो रही है। पीड़िता ने डायल 112 को फोन किया और पुलिस नहीं आयी। वह अपने मायके चली आई। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससराल वाले रखने को तैयार नहीं है। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि पति धर्मेंद्र राठौर, ससुर जै जै राम, जावित्री, ननद प्रीति, देवर तपेश्वर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# मारपीट में घायल ग्रामीण की अस्पताल में मौत

**खुदागंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव नौगमा निवासी कल्लू सिंह 50 की मारपीट में घायल होने के बाद इलाज के दौरान बरेली के एक अस्पताल में मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना चार मार्च की दोपहर बाद की है। आरोप है कि कल्लू सिंह अपने घर के दरवाजे पर थे तभी गांव के रजीत सिंह, बिजी सिंह और सोनू सिंह शराब पीकर वहां पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी लोग हमलावर हो गए और कल्लू सिंह के साथ जमकर मारपीट की। कल्लू सिंह के पुत्र राम सिंह ने बताया कि आरोपियों ने उनके पिता को बुरी तरह मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और दरवाजे पर ही घायल अवस्था में छोड़कर चले गए। परिजन उन्हें उपचार के लिए बरेली के एक अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान रविवार को उनकी मौत हो गई।

# वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत, चालक फरार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सड़क पार करते हुए हादसा मजदूरी करके लौट रहे थे राजेश कुमार

**अमृत विचार :** कांट-जलालाबाद रोड पर जमुनिया दौलतपुर गांव के सामने सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी। घायल युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी है। भंडेरी गांव से मजदूरी करके अपने घर लौट रहा था। चालक वाहन लेकर भाग गया।

कांट थाना क्षेत्र के गांव जमुनिया दौलतपुर निवासी 32 वर्षीय राजेश कुमार मजदूरी करता था। रविवार को मजदूरी करने पड़ोसी गांव भंडेरी गया था। रविवार की रात नौ बजे वह भंडेरी गांव से अपने गांव पैदल लौट रहा था। कांट-जलालाबाद मार्ग पर गांव के बाहर सड़क पार कर रहा था। अचानक वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे राजेश घायल हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को कांट सीएचसी पर लेकर गयी। जहां डाक्टर ने घायल को मृत घोषित कर दिया। चालक वाहन लेकर भाग गया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। कांट थाना एसएसआई घनश्याम बहादुर ने बताया कि युवक की सड़क पार करते समय वाहन से टकराकर मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


### हादसे में दो छात्र घायल

पुवायां थाना क्षेत्र के गांव नाहिल निवासी अंकुश अपने बड़े भाई शिव शंकर के साथ सोमवार की सुबह बाइक से बिलसंडा स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज जा रहे थे। दोनों इंटर की परीक्षा देने जा रहे थे। रास्ते में ई-रिक्शा ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों भाई घायल हो गए। चालक ई-रिक्शा लेकर भाग गया। सूचना पर पुवायां पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को पुवायां सीएचसी पर भेज दिया। डॉक्टर ने दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# सड़क दुर्घटना में सिक्योरिटी गार्ड की मौत

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में घर लौट रहे एक सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया।



नीलेश।


गांव जुझारपुर निवासी नीलेश त्रिवेदी (25) पुत्र कृष्ण कुमार शाहजहांपुर में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। मंगलवार रात लगभग 9 बजे उनकी अपने परिजनों से फोन पर बात हुई थी। उन्होंने बताया था कि वे ड्यूटी से लौट रहे हैं और रास्ते में हैं। काफी देर तक घर न पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई। रात करीब 10 बजे तक जब वे वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान उनका शव बंडा रोड स्थित टिहरी मोड़ के पास सड़क किनारे एक खंभे के पास पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक की असमय मौत से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।

# पेड़ से लटका मिला बीएससी के छात्र का शव

संवाददाता, सिंधौली/शाहजहांपुर

- घर से खेत पर गया था, पुलिस कर रही जांच, घटना का कारण अज्ञात

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव रजऊ में सोमवार की दोपहर बाद युवक का शव खेत में स्थित पेड़ से लटका हुआ मिला है। मृतक बीएससी का छात्र था। खबर मिलने पर परिवार वाले मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को नीचे उतार लिया। पुलिस ने परिवार वालों से जानकारी ली। वह खेत पर बंदर भगाने की बात कहकर घर से निकला था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



आशीष।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव रजऊ निवासी 20 वर्षीय आशीष यादव बीएससी द्वितीय वर्ष का छात्र था। परिजनों के अनुसार सोमवार की दोपहर आशीष घर पर खाना खाने के बाद खेत में खड़ी गेहूं की फसल से बंदरों को भगाने की बात कहकर घर से निकला था। कुछ देर बाद ग्रामीण खेत की ओर गए। ग्रामीणों ने खेत पर देखा कि यूकेलिप्टिस के पेड़ पर रस्सी से आशीष का शव लटका हुआ था। इस दौरा गांव वालों की भीड़ लग गयी।

सूचना मिलने पर परिवार वाले मौके पर पहुंच गए। परिवार वालों ने सिंधौली थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने आशीष के शव को पेड़ से नीचे उतारा। परिवार वालों का कहना है कि ऐसी कोई बात नहीं थी, जो फांसी लगाकर आत्महत्या करता। कुछ समझ में नहीं आ रहा है। घटना के बाद से पिता हनपाल, माता राजकुमारी देवी सहित दो छोटे भाई आकाश और आयुष का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# आरती हत्याकांड में डॉक्टर ने पति को नहीं किया डिस्चार्ज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- घायल अवस्था में मेडिकल कालेज में भर्ती, एमआरआई के बाद होगा डिस्चार्ज

**अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला रेती निवासी मनमोहन पाण्डेय की शादी 10 साल पहले आरती निवासी जलालाबाद के साथ हुई थी। पति से मनमुटाव होने के कारण आरती अपने प्रेमी बृजदीप निवासी बृज विहार कालोनी चौक कोतवाली के पास किराए के मकान में रहने लगी थी। आरती ने तलाक का मुकदमा कोर्ट में डाल रखा था और विचाराधीन था। प्रेमी के संग रहने पर उसे बर्दाश्त नहीं हो रहा था। 04 मार्च की सुबह आरोपी पति मनमोहन पांडेय आया और प्रेमी बृजदीप के ऊपर तेजाब फेंक दिया। इस दौरान उसकी पत्नी ने पति को सिर में ईट मारकर घायल कर दिया था। आरोपी पति ने पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी थी। मृतका के भाई ने अपने बहनाई मनमोहन पांडेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपी पति मेडिकल कालेज में भर्ती है। उसका पुलिस अभिरक्षा में इलाज चल रहा है। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस टीम आरोपी पति को डिस्चार्ज कराने के लिए गयी। डाक्टर ने डिस्चार्ज करने से मना कर दिया और कहा कि दो-तीन दिन में एमआरआई होगा। उसके बाद मरीज को डिस्चार्ज किया जाएगा।

# फायर करने वाला आरोपी तमंचा समेत गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला आवास विकास कालोनी निवासी अजय गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 4 मार्च की सुबह 11 बजे उसके परिवार वाले घर पर मौजूद थे। मोहल्ले के आलोख सक्सेना उर्फ महेश, नवनीत और मनीष सक्सेना उसके दरवाजे पर आए। आरोपी गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे और उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। सदर बाजार थाना के उप निरीक्षक कुलदीप कुमार को रविवार की रात आठ बजे सूचना मिली कि आरोपी नवनीत सक्सेना सुभाषनगर रेलवे फाटक के पास खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# ढका मोड़ पर होटल में चोरी, कार्रवाई की मांग

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार :** ढका मोड़ पर स्थित एक होटल से चोर गैस सिलेंडर, बैटरी और नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। होटल मालिक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बंडा के गांव पिपरिया हरिश्चंद निवासी सुखपाल यादव ने पुलिस को बताया कि ढका मोड़ पर पेट्रोल पंप के पास उनका यादव रेस्टोरेंट के नाम से होटल चलता है। रोजाना की तरह वह रविवार रात होटल बंद कर घर चले गए थे। रात करीब 03:30 बजे एक कार से आए चोर होटल में घुस गए और वहां रखे दो गैस सिलेंडर, दो तौल करने वाले कांटे, एक बैटरी और गल्ले में रखे दो हजार रुपए चोरी कर ले गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर सुखपाल यादव ने बंडा थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि घटना स्थल के पास बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा और पेट्रोल पंप होने के कारण यहां पुलिस की पिकेट ड्यूटी भी लगती है। दोनों स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं। ऐसे में लोगों का सवाल है कि चोरी की घटना के समय पिकेट ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी क्या कर रहे थे।

# शिक्षिका की मौत मामले में आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आरोपी प्रखर समेत पांच लोगों के खिलाफ दर्ज की थी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** चिनौर गांव की शिक्षिका संभावी शुक्ला की मौत के मामले में घटना के कई दिन बीत जाने के बाद सदर बाजार पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पुलिस ने शुरू में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए हाथ-पैर मारे और अब चुपचाप बैठ गयी है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी निर्मला देवी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि छह माह पूर्व उसकी पुत्री संभावी शुक्ला ने बताया था कि प्रखर बाजपेयी निवासी चौक कोतवाली को जानता हूं। वह उसकी पुत्री से शादी करना चाहता है। उसकी पुत्री पुवायां क्षेत्र में एक स्कूल में शिक्षिका थी। उसने बेटी की शादी के सिलसिले में आरोपी के परिवार वालों से मिली थी। आरोपी के परिवार वालों ने कार और पांच लाख रुपये की मांग की थी। आरोपी उसकी पुत्री से फोन पर बराबर बातचीत करता था। उसकी पुत्री से आरोपी ने काफी नजदीक रिश्ता बना लिया था। आरोप है कि 12 फरवरी को उसकी पुत्री की आरोपी प्रखर से फोन पर कहासुनी हो जाने से कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने आरोपी प्रखर बाजपेयी समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में शुरु में हाथ पैर मारे और शांत होकर बैठ गयी। घटना के कई दिन बीत जाने के बाद पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पायी है। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और फरार चल रहे है। आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी होगी।

# राज्य महिला आयोग के आदेश पर एफआईआर

**जलालाबाद, अमृत विचार :** घर से बहाना बनाकर युवती को अपने साथ ले जाने के बाद उसके एक रिश्तेदार ने जबरन शादी कर ली। शादी करने के बाद आरोपी शराब पीकर उसके साथ मारपीट करने लगा। महिला आयोग के आदेश पर आरोपी पति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव सीकमपुर की रीता देवी दी गई तहरीर में बताया कि करीब एक साल पहले मदनापुर क्षेत्र के हैदरपुर निवासी धर्मेंद्र उसे बहाने से बाइक पर बैठाकर अपने घर ले गया था। वहां उसकी शादी की पूरी तैयारी थी। उसकी मां सीता ने शादी का विरोध किया, लेकिन रिश्तेदार ने उसकी जबरन शादी करा दी। सीता का पति जेल में है और अकेले रहती है। पति धर्मेंद्र ने शराब पीकर उसे मारपीट करके घर से निकाल दिया था। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

# प्रेमी के जहर खाने के बाद किशोरी ने दी जान

संवाददाता, खुटार

- प्रेमी ने एक दिन पहले किया था जहर का सेवन

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव धनसिंहपुर में जहरीला पदार्थ खाने से किशोरी की मौत के बाद सोमवार को काफी देर तक हंगामा होता रहा। परिजन आरोपी युवक की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए और करीब पांच घंटे तक शव का पंचनामा भरने और पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते रहे। बाद में समझाने के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए, तब पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



राजिनी।

गांव धनसिंहपुर निवासी जयवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि छह मार्च को गांव के ही प्रदीप पाण्डेय का पुत्र पुजेश पाण्डेय उनकी 17 वर्षीय पुत्री राजिनी को जबरन घर से ले गया था। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। बताया गया कि 8 मार्च को प्रेमी युगल वापस अपने घर लौट आए थे। इसके बाद दोनों शादी करने की जिद पर अड़ गए। इस संबंध में दोनों परिवारों के बीच पंचायत भी हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। अलग-अलग बिरादरी होने के कारण युवक पक्ष के परिजन शादी के लिए तैयार नहीं हुए। बताया गया कि रविवार को पुजेश पाण्डेय ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के बाद उसकी जान बच गई। इसके अगले दिन सोमवार को किशोरी राजिनी ने अपने घर से कुछ दूरी पर बने दूसरे घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। बाद में पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रवीण मलिक भी मौके पर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए।

उधर, किशोरी की मौत की खबर मिलते ही परिजन आरोपी युवक और उसके परिवार के लोगों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आक्रोशित हो गए। दोपहर करीब दो बजे से हंगामा शुरू हो गया और परिजनों ने पुलिस को पंचनामा भरने नहीं दिया। शाम करीब सात बजे पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद के फोन पर समझाने के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए। पुलिस ने आरोपी युवक के तीन परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।



रोते बिलखते मृतका के परिजन। ● अमृत विचार

### घर लौटने की सूचना पुलिस को नहीं दी

किशोरी के पिता जयवीर सिंह ने बताया कि आठ मार्च को युवक का भाई पारस पाण्डेय उनकी पुत्री को घर छोड़ गया था। इसके बाद दोनों अपने-अपने घरों में थे, लेकिन किसी ने भी पुलिस को इसकी जानकारी नहीं दी। उनका कहना है कि वह अपनी पुत्री को लेकर थाने जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी उसने जहरीला पदार्थ खा लिया।

### धमकाने का लगाया आरोप

मृतका राजिनी के परिजनों का आरोप है कि आरोपी पुजेश पाण्डेय के पिता प्रदीप पाण्डेय रविवार रात तमंचा लेकर उनके घर पहुंचे और समझौता करने का दबाव बनाने लगे। परिजनों का कहना है कि समझौता न करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस आरोप के बाद परिवार का आक्रोश और बढ़ गया। गांव में चर्चा है कि दोनों के बीच करीब दो वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था और दोनों चोरी-छिपे मिलते भी थे। हालांकि किशोरी के परिजनों ने इस बात से अनभिज्ञता जताई है। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं और लोग मामले को लेकर अलग-अलग बातें करते दिखाई दिए।

> सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। – **श्यामवीर सिंह, थानाध्यक्ष खुटार**

# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana – Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


# बिना लाइन रेलवे टिकट देने पर हंगामा

## टिकट घर पर तीन के स्थान पर खुल रहे दो कांउटर, कोच का दरवाजा नहीं खुलने से परेशान हुए यात्री

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** होली के समय घर पर आए लोग अब परदेश जाने की तैयारी में लग गए है। रेलवे अधिकारियों के आदेश है कि भीड़ को देखते हुए तीन टिकट घर काउंटर खोले जाए। तीन के स्थान पर दो टिकट घर खुल रहे है। बिना लाइन के रेलवे टिकट देने पर यात्रियों ने टिकट घर पर हंगामा किया। इधर, कोच के दरवाजे न खुलने पर यात्री दरवाजा पीटते रहे और उनकी ट्रेन छूट गई।



कोच का दरवाजा न खुलने पर हंगामा करते यात्री। ● अमृत विचार



तीन के स्थान पर दो काउंटर खुले हुए।

होली से पहले काफी संख्या लोग परदेश से अपने घरों को आए थे। अब होली का त्योहार खत्म हो गया और परदेश जाने की तैयारी शुरू कर दी है। पंजाब, दिल्ली और हरियाणा जाने वाले लोगों की भीड़ शाम आठ बजे स्टेशन परिसर में काफी संख्या में होती है, जबकि मंडल के अधिकारियों के निर्देश है कि होली की भीड़ को देखते हुए जनरल टिकट घर के दो काउंटर खोले जाए। टिकट घर के पास एक एटीवीएम मशीन भी लगी हुई। शाम को काफी संख्या में टिकट घर काउंटर के बाहर लोगों की भीड़ लगी रहती है। रविवार की रात 9 बजे दो जनरल टिकट घर काउंटर खुले हुए थे और भीड़ को देखते हुए तीन काउंटर खुलना चाहिए। दोनों काउंटर पर काफी लंबी लाइन लगी होती है। इस दौरान कुछ लोग बिना लाइन के काउंटर के पास पहुंच गए और टिकट लेने लगे। इस दौरान यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। यात्रियों ने बाबुओं से कहा कि बिना लाइन के आने वाले को टिकट न दिया जाए। इधर, रात में दिल्ली जाने वाली सद्भावना एक्सप्रेस, अयोध्या दिल्ली एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस में यात्री जनरल कोच के दरवाजे पहले से अंदर से बंद कर लेते है। प्लेटफार्म पर खड़े यात्री दरवाजा पीटते रहते है और दरवाजा नहीं खुलता है। कई बार यात्रियों में नोकझोंक हो गयी। दरवाजा न खुलने पर यात्रियों की ट्रेनें तक छुट जाती है। जबकि टिकट घर काउंटर, प्लेटफार्म तीन पर जीआरपी और आरपीएफ नजर नहीं आती है। इधर अधिकारियों ने सीबीएस को निर्देश दिए कि भीड़ को देखते हुए टिकट घर के तीन काउंटर खोले जाए।

### टिकट घर में है पर्याप्त स्टाफ

जनरल टिकट घर में सीवीएस मिलाकर 11 का स्टाफ है। जबकि रिजर्वेशन में चार का स्टाफ है। पूछताछ कार्यालय में तीन का स्टाफ है। जो आठ-आठ घंटे ड्यूटी करते है। कर्मचारियों को बमुश्किल से छुट्टी मिल पाती है। सीनियर लोगों से पूछताछ कार्यालय में ड्यूटी करायी जा रही है। जबकि जूनियर लोग टिकट घर में ड्यूटी कर रहे है। जबकि जनरल टिकट घर में पर्याप्त स्टाफ होने के बाद तीन कांउटर नहीं खुल रहे है। पूछताछ कार्यालय में पहले टीटीई स्टाफ ड्यूटी करता था। जबकि अन्य स्टेशनों पर पूछताछ कार्यालय में टीटी और टीटीई स्टाफ ड्यूटी कर रहा है।

## किसानों को दिया गन्ना बीज और अनुदान सामग्री

**जलालाबाद, अमृत विचार:** क्षेत्र में रोजा चीनी मिल की ओर से किसानों को गन्ना उत्पादन बढ़ाने के लिए सहायता प्रदान की गई। अमापुर क्षेत्र के किसान विपिन यादव को मिल गेट के ग्राम सिउरा निवासी किसान अनूप सिंह के बीज अनुबंधित प्लॉट से सीओ 15023 गन्ना बीज उपलब्ध कराया गया। इसी क्रम में पैदापुर के किसान विपिन सिंह को गन्ना बुवाई के लिए ट्राइकोडर्मा और बायोपोटाश अनुदान पर प्रदान किए गए। किसानों का कहना है कि इस तरह की सहायता से गन्ने की पैदावार बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# कनिष्का को प्रथम, श्रेय व लावण्या को द्वितीय पुरस्कार

● वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों ने की भागीदारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय की भारतीय ज्ञान प्रणाली समिति की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति सारथी के समन्वय में परंपरागत प्रथाओं से जुड़ाव विषय पर भारतीय ज्ञान प्रणाली ई-पोस्टर प्रतियोगिता छात्र श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 21 से 28 फरवरी 2026 के बीच वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज और रोहिलखंड हॉस्पिटल में संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य भारत की पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों की उपयोगिता को समझते हुए उन्हें आधुनिक चिकित्सा विज्ञान से जोड़ने के प्रति छात्रों में जागरूकता बढ़ाना था।



ई-पोस्टर प्रतियोगिता में बोलते प्रतिभागी।

प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष एमबीबीएस से लेकर इंटर्नशिप तक के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। विभिन्न विभागों से 20 से अधिक ई-पोस्टर प्राप्त हुए, जिनमें भारतीय ज्ञान प्रणाली के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया। पोस्टरों में पारंपरिक प्रथाओं और आधुनिक चिकित्सा अवधारणाओं के बीच संबंध को समझाने का प्रयास किया गया। इनमें पोषण, जीवनशैली संबंधी प्रथाएं, निवारक स्वास्थ्य, हर्बल चिकित्सा और समग्र स्वास्थ्य जैसे विषय प्रमुख रहे। कई पोस्टरों में पारंपरिक अवधारणाओं और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के बीच रोचक तुलना प्रस्तुत की गई। इनमें षट क्रिया काल और पैथोलॉजी के चरणों की तुलना, नाड़ी परीक्षण और आधुनिक पल्स परीक्षण के बीच संबंध व त्वक शरीर और त्वचा की शारीरिक परतों से जुड़े विषय शामिल रहे। इसके अलावा कुछ पोस्टरों में पारंपरिक आहार में प्रोबायोटिक्स की भूमिका और चक्रों तथा न्यूरोएंडोक्राइन तंत्र के संबंध जैसे विषय भी प्रस्तुत किए गए। इन विषयों ने छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच चर्चा को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने अपने ई-पोस्टरों का प्रस्तुतीकरण किया, जिसके बाद प्रश्न-उत्तर सत्र भी आयोजित हुआ।

इससे छात्रों में जिज्ञासा और विश्लेषणात्मक सोच को बढ़ावा मिला। इस गतिविधि ने विद्यार्थियों को पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान को आधुनिक नैदानिक अभ्यास से जोड़कर समझने का अवसर दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कनिष्का अंटिल (2023 बैच) को प्रथम पुरस्कार मिला। श्रेय शर्मा और लावण्या वर्मा (2025 बैच) को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से रणवीर सिंह और रेशांत शर्मा (2024 बैच), डॉ. सौविक चक्रवर्ती और डॉ. राजश्री पराशर (एमबीबीएस इंटर्न) को प्रदान किया गया। कार्यक्रम की सराहना कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, प्रो-कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, कुलपति डॉ. किरण अग्रवाल और डॉ. लता अग्रवाल ने की। डॉ. आरएन शुक्ला, डीन एवं प्राचार्य व उप-पंजीयक डॉ. अनिल कुमार पाल ने भी छात्रों की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. पूर्णिमा एस. भट्ट ने किया।

## छुट्टा पशुओं ने चार बीघा गेहूं किया बर्बाद

**बंडा, अमृत विचार:** क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या से किसान परेशान हैं। ताजा मामला कुरसंडा गांव का है, जहां सिंघापुर कुरसंडा निवासी किसान सूबेदार सिंह पुत्र श्यामलाल की करीब चार बीघा गेहूं की फसल आवारा पशुओं ने चरकर नष्ट कर दी। किसान ने बताया कि सुबह खेत पर पहुंचने पर पूरी फसल बर्बाद मिली। फसल पूरी तरह खराब हो जाने के कारण उन्होंने सोमवार को मजबूरी में खेत को ट्रैक्टर से जोत दिया। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा पशुओं के कारण किसानों को हर साल भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा पशुओं को गोशालाओं में पहुंचाने व समस्या का समाधान करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# महिला दिवस पर पैरामेडिकल कॉलेज में सम्मान और उत्साह का बना माहौल

● वरुण अर्जुन पैरामेडिकल कॉलेज में छात्राओं और महिला फैकल्टी का किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वरुण अर्जुन पैरामेडिकल कॉलेज में छात्रों की ओर से प्रेरणादायक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रहीं महिला फैकल्टी सदस्यों और छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर की गई, जिसके माध्यम से महिलाओं की एकता और उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया।



वरुण अर्जुन पैरामेडिकल कॉलेज में सम्मान समारोह में शामिल छात्र-छात्राएं व शिक्षक।

इसके बाद मनोरंजक गतिविधियों के तहत बॉलीवुड गीतों पर अंताक्षरी का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। इसके साथ ही गुब्बारे फोड़ने जैसे खेलों में टीमों के बीच रोचक प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और पूरे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. राजा चटर्जी, उपप्राचार्य नेहा गुप्ता, पैथोलॉजी विभाग की डॉ. स्वाति गर्ग और क्वालिटी अधिकारी डॉ. शिवानी गुप्ता की देखरेख में आयोजित हुआ। प्राचार्य डॉ. राजा चटर्जी ने कहा कि संस्थान प्रतिभा को बिना किसी भेदभाव के आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और समान अवसर उपलब्ध कराता है। उपप्राचार्य नेहा गुप्ता ने कहा कि पैरामेडिकल शिक्षा में महिलाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है और ऐसे कार्यक्रम नई पीढ़ी को प्रेरित करते हैं। डीएमएलटी और डी एक्स-रे पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के छात्रों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर काव्य पाठ भी प्रस्तुत किया गया, जिसने माहौल को भावनात्मक बना दिया। अंत में सभी ने समूह फोटो के साथ कार्यक्रम का समापन किया और आगे भी महिलाओं की प्रगति और समान अवसरों के लिए काम करने का संकल्प लिया।

## रोडवेज बसों की कमी से यात्री परेशान

**तिलहर, अमृत विचार:** क्षेत्र में होली के बाद यात्रियों को परिवहन व्यवस्था की कमी से परेशानी उठानी पड़ रही है।

त्योहार के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपने घरों को लौटे थे और अब त्योहार समाप्त होने के बाद अपने काम-धंधे पर वापस जा रहे हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की ओर से पर्याप्त बसें उपलब्ध न होने के कारण यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में कई लोग डग्गामार वाहनों में यात्रा कर रहे हैं, जिससे उनकी जान जोखिम में पड़ रही है। यात्रियों का कहना है कि होली जैसे बड़े पर्व के दौरान यदि परिवहन निगम की ओर से अतिरिक्त बसों की व्यवस्था कर दी जाती तो लोगों को इस समस्या से नहीं जूझना पड़ता। क्षेत्र के लोगों ने त्योहारों के समय बसों की संख्या बढ़ाने की मांग की है, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा मिल सके।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777



डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348


# ईद-उल-फितर नजदीक आते ही बाजार में रौनक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** महानगर में ईद-उल-फितर की तैयारियों ने बाजारों को गुलजार बना दिया है। 20 या 21 मार्च को मनाए जाने वाले त्योहार के मद्देनजर पुरुष, महिलाएं और बच्चे खरीदारी में व्यस्त हैं।

ईद की नमाज के लिए नए कपड़े सबसे अधिक खरीदे जा रहे हैं। पुरुष कुर्ता-पायजामा खरीद रहे हैं और उन्हें समय रहते दर्जी को सौंप रहे हैं। महिलाएं लेडीज सूट की दुकानों में नवीनतम फैशन के सूट और मैचिंग चूड़ियां खरीद रही हैं। नमाज के लिए टोपी का विशेष महत्व है और लोग अपनी पसंद के अनुसार टोपी खरीद रहे हैं। इनकी कीमत 20 से लेकर 50, 50, 100, 125 रुपए तक है। जूते-चप्पलों की दुकानों में भी बिक्री बढ़ी हुई है, जिससे बाजार में हलचल देखने को मिल रही है। बाजार में सेवइयों और सूत फेनी की भी खूब बिक्री हो रही है। सेवइयां 70 रूपए और सूत फेनी 120 रुपये किलो बिक रही है। घर-घर में स्वादिष्ट सेवइयां के लिए आवश्यक सामग्री की खरीदारी भी जोर-शोर से हो रही है। ईद पर नमाज अदा करने से पहले कपड़ों पर ताजगी और खुशबू के लिए इत्र का विशेष उपयोग किया जाता है। बाजार में गुलाब, चमेली, चंदन, गजब, कशिश, मजमुआ और जन्नतुल फिरदौस जैसे इत्र की अधिक मांग है। इनकी कीमत 50 रूपए से लेकर 75, 100, 150 रुपए तक है। दुकानदार साजिद का कहना है कि इस बार ईद के त्योहार को लेकर बिक्री अच्छी रहने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में खरीदारी कर रहे हैं, जिससे बाजारों में रौनक बनी हुई है। मन्नत फैशन के यासीन खां कहते हैं कि महिलाओं को पसंद आने वाले सूटों की उनके यहां अच्छी रेंज है। ईद के इस पर्व पर बाजार में केवल खरीदारी ही नहीं, बल्कि लोगों के बीच मेलजोल और आपसी खुशियों का माहौल भी देखा जा रहा है। बाजार में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी उत्साह के साथ त्योहार की तैयारियों में जुटे हैं। शहर के हर तिराहे और चौराहे पर दुकानों और स्टॉलों को सजाया गया है। बिक्री के साथ-साथ दुकानदार भी त्योहार की तैयारियों में व्यस्त हैं और ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विशेष छूट और ऑफर भी दे रहे हैं।



सूट की खरीदारी को उमड़ी महिलाओं की भीड़। ● अमृत विचार



**इफ्तार** 10 मार्च
सुन्नी : 06.23
शिया : 06.32

**सहरी** 11 मार्च
सुन्नी : 05.05
शिया : 04.59

नोट : क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### युवा कुविचारों और दुर्भावनाओं से बचें

**बदायूं, अमृत विचार :** अलापुर स्थित आत्माराम महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। छात्र-छात्राओं ने मुख्य मार्गों पर साफ-सफाई की। महाविद्यालय के संस्थापक डॉ. मनीराम मिश्र ने कहा कि स्वस्थ शरीर, स्वच्छ मन और सभ्य समाज का निर्माण स्वच्छता से ही संभव है। प्राचार्य डॉ. विशेष कुमार ने कहा कि युवा को कुविचारों और दुर्भावनाओं से बचें, नागरिक कर्तव्यों का पालन करें। लक्ष्य की प्राप्ति होगी और मजबूत राष्ट्र बनेगा। कार्यक्रम अधिकारी सत्येंद्र सिंह, डॉ. अवधेश आर्य, देवेश कुमार शुक्ला, मंजू बाजपेयी, ललित कुमार, बैकुंठ नारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

### 11 मार्च को आएंगी महिला आयोग सदस्य

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह 11 मार्च को जनपद में आ रही हैं। यहां वह लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में पीड़ित महिलाओं की सुनवाई करेंगी।

### नाले में गिरी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली

**उझानी, अमृत विचार :** उझानी से कादरचौक मार्ग पर सोमवार सुबह अनाज से लदी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली नाले में गिर गई। बताया जा रहा है कि रेलवे क्रासिंग के पास नाले में हमेशा पानी भरा रहता है। पानी पास नहीं हो पाता। हादसे के बाद यातायात प्रभावित रहा। लोगों ने कहा कि इस मार्ग पर ओवरलोडिंग बंद कराई जानी चाहिए।

# आयोग सदस्य ने गोशालाओं का किया निरीक्षण



गोशाला का निरीक्षण करते आयोग सदस्य दीपक गोयल। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल ने बिसौली क्षेत्र की अनेक गोशालाओं का सोमवार को निरीक्षण कर सभी को चौंका दिया।

सोमवार को गो सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल ने बिसौली क्षेत्र की अनेक गोशालाओं का निरीक्षण किया, बिसौली आने से पूर्व क्षेत्र के मुडिया धुरेकी, फैजगंज बेहटा आदि की गोशालाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बिसौली में टंकी रोड पर बनी अस्थाई गोशाला पर पहुंचे तो नगर पालिका को उप पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा सूचना दिए जाने के बाद पालिका कर्मी अस्थाई गोशाला पहुंचे। दीपक गोयल ने यहां ताजा हरा चारा देख कुट्टी पर सवाल किया, फर्श सेअर्श तक की व्यवस्थाएं देखीं। उपस्तिथ स्टॉक रजिस्टर को देखा यहां 43 गाय अभी हैं। मौजूदा गायों को दीपक गोयल ने गुड़ खिलाकर फूल मालाएं पहनाईं।

# ड्राइविंग लाइसेंस के लिए सेंसर युक्त ट्रैक पर देना होगा टेस्ट


**बदायूं, अमृत विचार :** बिल्सी मार्ग स्थित गांव बदरपुर के पास प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केंद्र बनकर तैयार हो गया है। जिसका संचालन मैसर्स सिंह रेडियो सर्विस की ओर से किया जाएगा। एआरटीओ प्रवर्तन व प्रशासन हरिओम ने बताया कि स्थाई ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए केंद्र स्थित ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक 16 मार्च से शुरू किया जाएगा। जिसके बाद से आवेदकों को सेंसर युक्त ड्राइविंग ट्रैक पर टेस्ट देना होगा। जो आवेदन टेस्ट में पास होगा उसका ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाएगा। चालन प्रशिक्षण केंद्र पर सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए स्कूटनी व बॉयोमीट्रिक परिवहन विभाग कार्यालय से की जाएगी। जिसके बाद आवेदक को केंद्र पर जाना जरूरी होगा। नियमानुसार टेस्ट देने के बाद ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाएगा।

### नए शैक्षिक सत्र के लिए तीस लाख किताबों के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने की थी डिमांड

# स्कूल खुलते ही बच्चों को मिलेंगी किताबें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत 2.89 लाख बच्चों को नए शैक्षिक सत्र 2026-27 में समय से पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध होंगी। जनपद में अब तक 50 प्रतिशत किताबें पहुंच चुकी हैं। इनका सत्यापन चल रहा है। इस बार पहली अप्रैल से शुरू होने वाले एक शैक्षिक सत्र शुरू होने के साथ प्रत्येक बच्चे के हाथ में किताबें होंगी।



● जिले में पहुंची 15 लाख से अधिक से किताबें, हो रहा सत्यापन

जिले में 2158 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों में 2.89 लाख से अधिक बच्चे पंजीकृत हैं। परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को नए शैक्षिक सत्र के दौरान नई किताबें नहीं मिल पाती थीं। जिसके कारण शिक्षण कार्य प्रभावित होता था। साथ ही बच्चों को भी दिक्कत होती थी। लेकिन इस बार 20 फरवरी के बाद ही नई किताबें बेसिक शिक्षा विभाग में पहुंचनी शुरू हो गई हैं। डीसी सामुदायिक शिक्षा पीसी श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान शैक्षिक 2025-2026 2.89 लाख बच्चे परिषदीय स्कूलों में पंजीकृत हैं। बच्चों की संख्या के सापेक्ष तीस लाख किताबों की मांग की गई है।

अब तक 15 किताबें आ चुकी हैं। अभी 15 लाख किताबें और आनी है। शेष किताबें भी सप्ताह भर में आ गई हैं। अब तक प्राप्त होने वाली किताबों को नवादा स्थित गोदाम में रखा गया है। इनका सत्यापन चल रहा है। शेष आने वाली किताबों का भी समय पर सत्यापन कराने के बाद ब्लॉकों पर भेज दिया जाएगा। ब्लॉक स्तर से ही किताबों को स्कूलों में भेजा जाएगा। जिससे सत्र शुरू होते ही बच्चों में किताबों का वितरण कराया जा सके।

### कक्षा चार में भी लागू हुई एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकें

इस वर्ष से कक्षा चार में भी एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकें लागू की जा रही हैं। इससे पूर्व कक्षा और दो में एनसीईआरटी की किताबें लागू की गई थी। चल रहे वर्तमान शैक्षिक सत्र में एनसीईआरटी की किताबें कक्षा तीन के बच्चों को दी गईं। अब कक्षा चार में भी एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू किया गया है।

> नई किताबें आने लगी हैं। अब तक करीब 50 प्रतिशत से अधिक किताबें आ चुकी हैं। किताबों का सत्यापन कराया जा रहा है। एक अप्रैल से शुरू हो रहे नए शैक्षिक सत्र में परिषदीय स्कूलों में नामांकित बच्चों को समय से किताबों उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि उन्हें पढ़ाई करने में दिक्कत न हो।
>
> **-वीरेंद्र कुमार सिंह,** बीएसए।

# आधार कार्ड न होने पर नहीं मिल रहा इलाज

### ऑनलाइन पर्चा बनवाने में आधार और मोबाइल नंबर की अनिवार्यता के चलते मरीजों की लगी भीड़

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में अब शासन के निर्देश पर सोमवार से ऑन लाइन पर्चे बनाने शुरू हो गए। ऑनलाइन पर्चा बनवाने में आधार कार्ड और मोबाइल नम्बर की अनिवार्यता के चलते मरीजों की भारी भीड़ लगी रही। आज से एक पर्चा ही सभी जगह काम आएगा। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होने से मरीजों की परेशानी बढ़ गयी है। जिससे पर्चा काउंटर पर मारामारी शुरू हो गयी है।

राज्य सरकार ने दो महीना पहले ऑनलाइन पर्चे बनाने के निर्देश दिए थे। लेकिन अस्पताल में पर्चा काउंटर पर नाम पता पूछ कर पर्चा बनाए जाते थे। इस व्यवस्था पर शासन ने सख्ती शुरू कर दी जिसके बाद सोमवार से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में मरीज का आधार कार्ड और मोबाइल नंबर जरूरी है। यदि



पर्चा काउंटर पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

आधार कार्ड नहीं है तो मरीज का रजिस्ट्रेशन नहीं होगा। पहले दिन सैकड़ों मरीज बिना आधार कार्ड के आए उन्हें वापस कर दिया गया। जो मरीज आधार कार्ड लेकर आए उनका पर्चा बना दिया गया। जिला अस्पताल प्रशासन की ओर से कहा गया है कि अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया गया है। ऑनलाइन बना हुआ पर्चा पूरे अस्पताल में मान्य होगा। अब दूसरा पर्चा बनवाने की जरूरत नही होगी।

अस्पताल प्रशासन का कहना है कि एक मरीज का ऑनलाइन पर्चा बनाने में करीब पांच मिनट

● ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होने से मरीजों की बढ़ी परेशानी

का समय लगता है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीज एक सप्ताह तक एक पर्चे से दवा ले सकेंगे। उसके बाद मरीज को फिर से ऑनलाइन पर्चा बनवाना होगा।

सोमवार को मरीजों की संख्या अधिक रहती है इसलिए पर्चा काउंटर पर दो लाइनों में महिलाओं को लगाया गया जबकि दो में पुरूषों को लगा कर पर्चे बनवाए गए। इसलिए दोपहर एक बजे के बाद तक पर्चा काउंटर पर भीड़ रही। अब ओपीडी में डॉक्टर भी दो बजे तक ही बैठेंगे। क्योंकि देर से पर्चा बनने के कारण मरीजों को देर होगी इसलिए डॉक्टरों को दो बजे तक बैठने के निर्देश दिए गए हैं।

### पूरे अस्पताल में एक ही पर्चा होगा मान्य

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में अब आज से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है। एक जगह पर पर्चा बनवाने के बाद मरीज कहीं से भी दवा ले सकेगा। अब तक यूनानी और आयुर्वेदिक में मरीजों को अलग अलग पर्चा बनवाने पड़ते थे लेकिन आज से केवल एक जगह से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने के बाद यूनानी, होम्योपैथिक, या फिर आयुर्वेदिक अस्पताल में अलग से पर्चा नहीं बनवाना होगा। एक पर्चे से हर जगह दवा मिल सकेगी। इससे मरीजों का समय भी बचेगा और जल्द दवा मिल सकेगी। इस व्यवस्था से कुछ दिक्कत तो है मगर बाद में मरीज को सुविधा होती है। जिला अस्पताल में अब मरीज सुबह आठ बजे से लाइन में लग कर पर्चा बनवा सकेंगे।

### जिला अस्पताल से सौ से अधिक मरीज लौटे

सोमवार को पहले दिन सौ से अधिक मरीज बिना रजिस्ट्रेशन कराए वाप लौट गए। उनके पास आधार कार्ड नहीं थे। आधार कार्ड नहीं होने के कारण उनका रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका। कुछ मरीजों के पास अपने मोबाइल नहीं थे इसलिए उन्हे वापस लौटना पड़ा। जबकि कुछ मरीजों ने दूसरों के आधार कार्ड और मोबाइल नंबर देकर रजिस्ट्रेशन कराया। लेकिन अब सख्ती के चलते मरीज खुद ही आधार कार्ड लेकर आएंगे तभी उनका पर्चा बनेगा।

> ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होने से जिला अस्पताल की स्थिति शासन भी देख सकेगा। किस दिन कितने मरीज आए यह सब ऑनलाइन होगा तो स्टेट को अलग से रिपोर्ट देने की जरूरत नहीं होगी। इसलिए इस सुविधा को लागू किया गया है। हालांकि अभी कुछ दिन तक लोगों को दिक्कत होगी बाद में सब नियमों का पालन करने लगेंगे।
>
> **-डा. अमित वार्ष्णेय,** सीएमएस, जिला अस्पताल।

# लू से बचाव को प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** आने वाले कुछ दिनों में लू चलने की संभावना व्यक्त की जा रही है। लू से बचाव को जिला आपदा प्रबंधन ने लोगों को एडवाइजरी जारी करते हुए कुछ सुझाव दिए हैं।

जिला प्रशासन द्वारा दिए गए सुझावों में लू से बचने को पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, तरल पदार्थ का सेवन करें,छाछ नीबू पानी और आम के पना का सेवन करते रहें। हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें, सिर को ढकें, तेज धूप में छाता का प्रयोग करें। लू से प्रभावित व्यक्ति को लिटा कर गीले कपड़े से पोंछे, नहलाएं और चिकित्सक से संपर्क करें। जिला प्रशासन ने लू लगने के लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि यदि कमजोरी लगे, सिर दर्द हो, उल्टी महसूस हो, तेज पसीना आए और झटके लगें तो लू के संकेत होते हैं ऐसे में चिकित्सक से संपर्क करें।

● आने वाले कुछ दिनों में लू चलने की संभावना जताई

सुझाव में कहा गया है कि बीमार व गर्भवती महिलाओं को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए।

दोपहर को तेज धूप से बचें, यात्रा करते समय पीने का पानी साथ रखें, ओआरएस का घोल, नारियल पानी, लस्सी व चावल का प्रयोग अधिक करें। बच्चों और पालतू जानवरों को बंद गाड़ियों में न छोड़ें, अधिक समय तक घर में रहें, संतुलित, हल्का भोजन लें, वासी पदार्थ से बचें, आपात स्थिति से निपटने को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें, पशुओं को छाया में बांधे, उन्हें अधिक से अधिक पानी पिलाएं, ठंडा पानी ढक कर रखें हर समय पानी पीते रहें तभी लू से बचा जा सकता है। अपर जिलाधिकारी डा. वैभव शर्मा ने उक्त सुझावों का पालन करते रहने की सलाह दी है।

# केयर टेकर को उचित मात्रा में दाना व चोकर देने के निर्देश



गाय की पूजा करते आयोग के सदस्य ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** गौ सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल के द्वारा सोमवार को गौ आश्रय स्थलों की औचक निरीक्षण किया। उनके द्वारा निरीक्षण में गौ आश्रय स्थलों की व्यवस्थाएं देखी गईं। इस दौरान उन्होंने गाय की सेवा कर गुड खिलाया। आयोग से सदस्य द्वारा नगर पालिका बिसौली गौशाला का निरीक्षण किया। यहां उन्हें 43 गोवंश संरक्षित मिले। साफ सफाई ठीक पाई गई। नगर पालिका वजीरगंज के कान्हा गोवंश आश्रय स्थल और वजीरगंज के ग्राम गुठेला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में 95 गोवंश संरक्षित पाए गए। जिसमें 45 न एवं 50 मद गोवंश पाए गए। गो आश्रय स्थल में अन्य समस्त व्यवस्थाएं साफ सफाई ठीक पाई गई उनके द्वारा केयर टेकर को उचित मात्रा में दाना एवं चोकर देने के निर्देश दिए।

# स्कूल में नमाज पढ़ने के मामले में बीएसए को सौंपी जांच रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** अंबियापुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव रिसौली स्थित उच्च प्राथमिक स्कूल में नमाज पढ़ने का मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद विवाद खड़ा हो गया। स्कूल में नमाज पढ़े जाने की बात शासन स्तर तक पहुंची थी। इसके बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। बीएसए ने दो सदस्यीय टीम गठित कर जांच के आदेश कर दिए। सोमवार को गठित टीम ने स्कूल पहुंचकर ग्रामीणों और बच्चों व शिक्षकों के भी बयान दर्ज किए हैं। जांच रिपोर्ट बीएसए को मिल गई है। बताया जा रहा कि इस प्रकरण में शिक्षकों की भूमिका संदिग्ध है। संदिग्ध भूमिका वाले शिक्षकों पर गाज गिरेगी। होने वाली कार्रवाई से शासन को भी अवगत कराया जाएगा।

● संदेह के घेरे में शिक्षक, टीम ने ग्रामीणों और बच्चों के लिए बयान कार्रवाई लगभग तय

रिसौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय में नमाज पढ़ने से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। हिन्दू संगठनों ने इस मामले की शिकायत बेसिक शिक्षा अधिकारी से की थी। प्रकरण शासन तक पहुंचा था। मामला अधिक संवेदनशील होने पर बीएसए ने बीईओ समरेर के नेतृत्व में दो सदस्यीय टीम गठित कर जांच के आदेश कर दिए। सोमवार को टीम ने स्कूल पहुंचकर जांच की। अधिकारियों ने स्कूल के बच्चों के बयान दर्ज किए। बच्चों के साथ अधिकारियों ने विद्यालय के स्टाफ सदस्यों के भी बयान लिए।

> स्कूल में नमाज पढे जाने का मामला संवेदनशील है। जांच कराई गई है। रिपोर्ट मिल गई है। रिपोर्ट देखने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-वीरेंद्र कुमार सिंह,** बीएसए।

इसके अतिरिक्त, पांच ग्रामीणों के बयान लिखित रूप में दर्ज किए गए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन के भीतर विद्यालय का पूरा स्टाफ नहीं बदला गया, तो वे स्कूल नहीं खुलने देंगे।

ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल स्टाफ की गुटबाजी से बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। जांच के दौरान ग्रामीणों की भीड़ को देखते हुए चौकी पुलिस बल मौजूद रहा। जांच के बाद रिपोर्ट बीएसए को सौंप दी गई है। बताया जा रहा है स्कूल में नमाज पढ़े जाने के मामले में शिक्षकों की भूमिका संदिग्ध है। संदिग्ध भूमिका वाले शिक्षकों पर गाज गिर सकती है।

### दोषी शिक्षकों पर कार्रवाई करने की मांग

रिसोली उच्च प्राथमिक स्कूल में नमाज पढ़े जाने के मामले को लेकर विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारी सोमवार को बीएसए से मिल। उन्होंने पूरे घटनाक्रम से बीएसए को अवगत कराया। साथ ही दोषी शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई किए जाने मांग करते हुए शिकायती पत्र सौंपा। चेतावनी भी दी कि अगर दोषी शिक्षकों पर कार्रवाई नहीं की गई तो वह बेसिक शिक्षा कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। बीएसए से मिलने वालों में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री विनय प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष नीरज रस्तोगी, अरविंद शर्मा, नीरज कोचर, राजेश बाबू, नीरज शर्मा आदि लोग शामिल रहे।



बीएसए से वार्ता करते विहिप के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# गाली देने के विरोध पर दंपती को पीटा

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव वनबेहटा निवासी दयाराम ने तहरीर देकर बताया कि गांव के कुछ लोग उनके बेटे अंकित कुमार के साथ मारपीट कर रहे थे। शोर सुनकर जब वह और उनकी पत्नी जलधारा मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव करने लगे। हमलावरों ने उन पर भी लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में दयाराम और उनकी पत्नी जलधारा के सिर में गंभीर चोटें आई हैं।

दयाराम के बेटे अंकित कुमार का आरोप है कि गांव के कुछ लोग गाली-गलौज कर रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी और बाद में उनके माता-पिता पर भी हमला कर दिया। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। मामले में तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# रेलवे स्टेशन का द्वार बंद होने से बढ़ी परेशानी, पार्किंग से जाएंगे यात्री

● निर्माण कार्य के चलते बंद किया मुख्य गेट, 20 मार्च तक पूरा करने के निर्देश, यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट का निर्माण कार्य काफी दिनो से किया जा रहा है। अब निर्माण कार्य के चलते मुख्य गेट से यात्रियों के आने जाने पर रोक लगा दी गयी है।यात्रियों को पार्किंग से होकर रास्ता दिया गया है। रास्ता बदल जाने से यात्रियों को दिक्कत हो रही है। रेलवे प्रशासन ने बीस मार्च तक मुख्य गेट का निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

रेलवे स्टेशन पर पिछले तीन साल से सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। प्लेटफार्म एक और दो को नया और आधुनिक बनाया गया है। लम्बाई चौड़ाई बढ़ा दी गयी है। नई बेंच और टीन शेड लगाए गए हैं जिससे यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत न हो। सौंदर्यीकरण में रेलवे के मुख्य गेट को ऊंचा करना और आधुनिक बनाना भी शामिल है इसलिए करीब एक महीने से रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट को तोड़ा जा रहा है। मुख्य गेट को आगे से बनाया जा रहा है। इसके लिए कार्यदायी संस्था ने मुख्य गेट से यात्रियों के आने जाने पर रोक लगा दी है। यात्रियों को अंदर बाहर आने को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक से रास्ता दिया गया है जो



रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर किया जा रहा निर्माण।





रेलवे यात्रियों को इशारा करता तीर का निशान। ● अमृत विचार

> रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट का निर्माण कार्य चल रहा है इसलिए मुख्य गेट से आम रास्ता बंद कर दी गयी है। इसके लिए अब पार्किंग से यात्रियों को आने जाने को रास्ता दिया गया है। यात्री इधर से गुजर रहे हैं। बीच मार्च तक मुख्य गेट बन कर तैयार हो जाएगा उसके बाद रास्ता खोल दिया जाएगा।
>
> **-अफसर हुसैन,** स्टेशन मास्टर।

पार्किंग से होकर यात्री बाहर आ सकेंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए आरपीएफ पुलिस चौकी के निकट तीर का निशान बना दिया गया है जिससे यात्रियों को रास्ता मिल सके।

रेलवे प्रबंधन के अनुसार मुख्य गेट तैयार करने को 20 मार्च तक का समय दिया गया है। ठेकेदार को हर हाल में 20 मार्च तक मुख्य गेट बनाना है। इसके लिए रात दिन काम चल रहा है। बताया कि यात्रियों को मुख्य गेट से आने जाने में दिक्कत नहीं होती है। बल्कि इधर उधर से आना जाना कठिन काम है। हालांकि रेलवे कर्मचारियों को यात्रियों की सुविधा को स्टेशन पर लगाया गया है जो उन्हे बाहर जाने को रास्ता बताते हैं। प्लेटफार्म दो से आने वाले यात्रियों की सुविधा को कर्मचारी लगाए गए हैं जो उन्हे इसी रास्ते से बाहर तक पहुंचाते हैं।

### तीसरे दिन भी बनी रही पानी की किल्लत

रेलवे स्टेशन पर सोमवार को चौथे दिन भी पानी की किल्लत रही। ओवरहेड टैंक से पानी नही मिल पा रहा है जिससे यात्रियों को पेयजल की दिक्कत हो रही है। ओवरहेड टैंक भरने वाला बोरिंग फेल हो गया है जिससे रेलवे स्टेशन पर पानी नहीं पहुंच रहा है। साथ ही रेलवे कर्मचारियों के आवासों में भी पानी की समस्या बनी हुई है। रेलवे अधिकारियों की मांग पर नगर पालिका के टैंकर पानी पहुंचा रहे हैं। बोरिंग रिबोर कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। संभवत एक सप्ताह में रीवोर होकर जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

### बंदरों के आतंक से कर्मचारी और यात्री परेशान

रेलवे स्टेशन पर बंदरों के आतंक से यात्री और कर्मचारी परेशान हैं। कर्मचारियों का कहना है कि कुछ दिन पहले यहां पर सौ से डेढ़ सौ बंदर थे लेकिन अब तीन सौ से चार सौ बंदरों का झुंड हर समय बना रहता है। बंदर यात्रियों का सामान मोबाइल झपट लेते हैं। बच्चों को घेरते हैं। उन पर हमले करते हैं। बंदरों से निजात के लिए वन विभाग को पत्र लिखा गया था मगर वन विभाग ने बंदरों के मामले से पल्ला झाड़ लिया। अब रेलवे प्रशासन डीएम को पत्र लिख कर बंदरों को पकड़वाने की मांग करेगा। दोनो प्लेटफार्म पर बंदर यात्रियों को मुसीबत का कारण बने हुए हैं। हर दिन यहां बंदरों के आतंक का शिकार होना पड़ रहा है।

# कहासुनी के बाद मारपीट में तीन घायल

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव अंबियापुर निवासी आशुतोष ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोगों से उनकी मामूली कहासुनी हो गई थी। इसी बात को लेकर अंबियापुर चौराहे पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई।

इस दौरान आशुतोष और अतुल को चोटें आईं। वहीं दूसरे पक्ष के एक युवक को भी इस मारपीट में चोट आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्सी भेज दिया। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है और तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**आवश्यकता है**
अनुभवी व्यक्तियों की
● ओ.टी. टेक्नीशियन
● लैब टेक्नीशियन
● पी.आर.ओ (पब्लिक रिलेशन आफिसर)
● कंप्यूटर ऑपरेटर
वेतन योग्यतानुसार
सम्पर्क करें
एच.आर. ऑफिस एडमिन ब्लाक
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
एन.एच.-30, बन्थरा, शाहजहाँपुर
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक
मो. 7521001986

# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
* पतले-दुबले
* गाल पिचके
* कमजोर स्त्री-पुरुष
* मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 8 मार्च 2026, रविवार 22 मार्च 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# इंटरमीडिएट के विद्यार्थी दे सकेंगे एक विषय की इंप्रूवमेंट परीक्षा

## नई व्यवस्था शुरू की जानकारी से इंटर की परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राएं काफी खुश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद विद्यार्थियों की सुविधा के लिए नियमों में परिवर्तन कर रहा है। अब इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के लिए राहत दी है। इंटरमीडिएट के विद्यार्थी भी अब इंप्रूवमेंट परीक्षा दे सकेंगे। यह व्यवस्था नए शैक्षिक सत्र से लागू हो जाएगी। नई व्यवस्था शुरू की जानकारी से इंटर की परीक्षा दे रहे छात्र छात्राएं काफी खुश हैं।

किसी एक विषय की परीक्षा छूटने, कम नंबर आने या फिर एक विषय में फेल होने पर विद्यार्थियों को निराश होना पड़ता था। अब तक बोर्ड इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को सिर्फ स्क्रूटनी की सुविधा देता था। इस व्यवस्था के चलते वह अपनी कॉपी चेक कराने के लिए तो आवेदन सकते थे, लेकिन परीक्षा नहीं दे पाते थे। जिसके कारण तमाम ऐसे जिन्हें कम नंबर मिले या, एक विषय की परीक्षा छूट जाने से फेल हो गए, उन्हें निशान होना पड़ता और गलत कदम उठा लेते थे।

- **एक विषय की परीक्षा छूटने या कम अंक आने पर दे सकेंगे परीक्षा**

> इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए बोर्ड की ओर से यह व्यवस्था लागू की है। बोर्ड का यह अच्छा प्रयास है। इस व्यवस्था का इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को भी काफी लाभ मिलेगा। इस बार की बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले विद्यार्थी अप्रैल माह में जारी होने वाले परिणाम के बाद इस व्यवस्था का लाभ उठा सकते हैं।
>
> **लालजी यादव**, डीआईओएस।

विद्यार्थियों की इन्हीं परेशानियों के चलते माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से नियमों में बदलाव करते हुए इंप्रूवमेंट परीक्षा की व्यवस्था की है। डीआईओएस ने बताया कि इंटरमीडिएट में इंप्रूवमेंट परीक्षा शुरू होने से छात्रों को सुविधा मिलेगी। कई बार छात्र बीमार होने या किसी कारण से अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाते। ऐसे में उन्हें अंक सुधार का अवसर मिलना उनके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा।

बताया कि नई व्यवस्था नए शैक्षिक सत्र में लागू होगी। जिसका लाभ बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले 30576 विद्यार्थियों को मिलेगा। इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा देनी शीतल पाल, सत्यवीर, लोकेश और भानू प्रताप ने बताया कि कई बार किसी छात्र खराब स्वास्थ्य या अन्य कारणों से परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाते, जिससे उनके अंक कम रह जाते हैं। ऐसे में सुधार का यह अवसर महत्वपूर्ण होगा।

### यूपी बोर्ड में अब तक लागू थी यह व्यवस्था

माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से साल 2020 के दौरान इंटरमीडिएट में कंपार्टमेंट परीक्षा की व्यवस्था लागू की थी। इस व्यवस्था के तहत यदि कोई विद्यार्थी एक विषय में फेल होता था, तो वह कम्पार्टमेंट परीक्षा देकर उसी विषय में पास हो सकता है। इससे पहले ऐसी स्थिति होने पर विद्यार्थी को सभी पांच विषयों की परीक्षा दोबारा देनी पड़ती थी। हाईस्कूल में इम्प्रूवमेंट और कम्पार्टमेंट की सुविधा पहले से लागू है। अब नई व्यवस्था से इंटरमीडिएट के विद्यार्थी भी कम अंक आने पर भी इंप्रूवमेंट परीक्षा दे पाएंगे।

### पहले से ही लागू हैं सीबीएसई और सीआईएससीई में यह व्यवस्था

डीआईओएस ने बताया कि यूपी बोर्ड से पूर्व सीबीएसई और सीआईएससीई बोर्ड यह व्यवस्था पहले से ही लागू हैं। इन बोर्ड के विद्यार्थी कम अंक आने पर इंप्रूवमेंट की परीक्षा के लिए आवेदन करते आ रहे हैं। इन बोर्ड में छात्र दो-दो विषयों में इंप्रूवमेंट परीक्षा दे सकते हैं।

# युवक ने विषाक्त पदार्थ खाया अस्पताल में मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ब्राह्मपुर निवासी शिव कुमार साहू (30) पुत्र लक्ष्मी नारायण साहू किराना की छोटी सी दुकान चलाते थे। उनके परिजनों के अनुसार चार दिन से उनका पत्नी से विवाद चल रहा था। रविवार की शाम वह दुकान पर थे। फोन पर उनका पत्नी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। वह दुकान बंद करके घर चले ले गए।

घर जाकर फिर से पत्नी से विवाद हो गया। कुछ ही देर के बाद युवक ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। कुछ देर के बाद उनकी हालत बिगड़ गई। परिजन युवक को अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने रेफर किया। युवक को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान सोमवार सुबह युवक ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा प्रिजर्व किया गया है।

# कोल्ड स्टोर फुल, आलू किसानों का हुआ सम्मान



आलू किसानों को फूल माला पहनाकर सम्मानित करते कोल्ड स्टोर मालिक।

संवाददाता, इस्लामनगर

- **कोल्ड स्टोर मालिक ने माला पहनाकर किया सम्मानित**

**अमृत विचार :** बिसौली रोड स्थित हेमपुर गांव के निकट कोल्ड स्टोर के पूरी तरह भर जाने पर कोल्ड स्टोर मालिक ने आलू किसानों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया।

सोमवार को कोल्ड स्टोर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में आलू किसानों को बुलाया गया। कोल्ड स्टोर मालिक हर्षवर्धन उर्फ मयंक ने किसानों का माल्यार्पण कर तथा मिठाई खिलाकर उनका आभार व्यक्त किया।

कोल्ड स्टोर मालिक ने कहा कि किसानों के सहयोग और विश्वास की वजह से ही कोल्ड स्टोर पूरी तरह भर सका है। उन्होंने किसानों को धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी बेहतर सुविधाएं देने का भरोसा दिलाया।

इस मौके पर किसानों और गणमान्य लोगों का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में दशरथ यादव, प्रेमपाल प्रजापति, विपिन कुमार सिंह, सलमान, सौरभ, गौरव, कृष्ण सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान किसानों ने भी कोल्ड स्टोर की व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के किसानों को अपनी फसल सुरक्षित रखने में काफी सहूलियत मिलती है।

# बाल विवाह के खिलाफ किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता रैली निकालती महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की पहल पर 100 दिवसीय जागरुकता अभियान के तहत जिले के गांवों व कस्बों में बाल विवाह के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। बाल विवाह मुक्ति रथ की यात्रा के समापन पर काशी समाज शिक्षा विकास संस्थान ने कहा कि जिस तरह लोगों में उत्साह देखने को मिला है उससे लगता है कि उनके प्रयासों को पंख मिल गए हैं।

जिले में बाल विवाह मुक्ति रथ को राज्य मंत्री गुलाबो देवी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। 30 दिनों में बाल विवाह मुक्ति रथ ने जिले में 2650 किलोमीटर यात्रा की। यह रथ 525 गांवों तक पहुंचा और 30 हजार लोगों को बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ा। शिक्षण संस्थानों से 20,हजार छात्र-छात्राओं एवं शिक्षण संस्थानों के स्टाफ को बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ा।

- **बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा के समापन पर लोगों में दिखा उत्साह**

कासी समाज शिक्षा विकास संस्थान के निदेशक सचिव मीना सिंह ने बाल विवाह के खिलाफ इस 100 दिवसीय गहन जागरुकता अभियान और इसके तहत निकाले गए बाल विवाह मुक्ति रथ को परिवर्तनकारी बताते हुए कहा कि यह कोई प्रतीकात्मक यात्रा नहीं थी। यह पहियों पर बदलाव का संदेश था जिसे लोगों ने स्वीकार किया और सराहा। अब लगभग पूरी सभ्य दुनिया ने हमारी यह बात मान ली है कि बाल विवाह कोई सामाजिक कुप्रथा नहीं बल्कि विवाह की आड़ में बच्चों के साथ दुष्कर्म है। तीन चरणों में चले इस अभियान के पहले चरण में शैक्षणिक संस्थानों व दूसरे चरण में धर्मगुरुओं को जोड़ा गया और उनसे अनुरोध किया गया कि वे विवाह संपन्न कराने से पूर्व आयु की जांच कर लें और बाल विवाह संपन्न कराने से इनकार करें।

# पुलिस प्रतियोगिता में पहले दिन हुई फ्री स्टाइल कुश्ती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित की गई पुलिस विभाग की प्रतियोगिताएं**
- **एसएसपी ने फीता काटकर किया उद्घाटन, खिलाड़ियों को किया प्रेरित**



खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने को प्रेरित करते एसएसपी।



पहलवालों का हाथ मिलवाते एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह।

**अमृत विचार :** पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिस की महिला व पुरुष वर्ग की तीसरी अंतर्जनपदीय कुश्ती क्लस्टर, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग व आर्म रेसलिंग की प्रतियोगिता शुरू हुई। मार्च पास्ट के बाद एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने फीता काटकर, खिलाड़ियों से परिचय करके उद्घाटन किया। उन्होंने खेल भावना से खेलने को प्रेरित किया। पहले दिन पुरुष व महिला वर्ग की फ्रीस्टाइल कुश्ती हुई।

प्रतियोगिता में बरेली जोन के नौ जिलों की पुलिस की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। पुरुष वर्ग की 61 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती में बदायूं के जितेश को पहला, रामपुर के बलविन्द्र को दूसरा, 70 किग्रा वर्ग में बरेली के भोलाराम को पहला, बदायूं के विशाल को दूसरा स्थान हासिल हुआ। 74 किग्रा में बदायूं के अजय कश्यप ने पहला, बरेली के संदीप कुमार को दूसरा और 86 किग्रा वर्ग में बरेली के हरेंद्र को पहला व बदायूं के अनुज को दूसरा स्थान मिला।

महिला वर्ग की फ्री स्टाइल कुश्ती के 53 किग्रा वर्ग में बदायूं की सपना को पहला, बरेली की अनुराधा को दूसरा, 55 किग्रा वर्ग में मुरादाबाद की निशब को पहला, शाहजहांपुर की आरती को दूसरा, 62 किग्रा वर्ग में बदायूं की भूरी को पहला, शाहजहांपुर की श्रुति खेवाल को दूसरा, 65 किग्रा वर्ग में बदायूं की अनामिका को पहला, बरेली की सुमन धीमान को दूसरा स्थान हासिल हुआ। उद्घाटन के दौरान एसपी देहात डॉ. ह्रदेश कठेरिया, एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी, सीओ उझानी व लाइन डॉ. देवेंद्र कुमार, सीओ दातागंज केके तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक इंद्रजीत सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे। निर्णायक मंडल में शैवर अली खान, दिलीप जोशी, पुलिस के कुश्ती कोच जितेंद्र राणा राजीव कुमार रहे।

# बदायूं-मेरठ राजमार्ग पर लगाए गए 200 आयरन गार्ड

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



बदायूं-मेरठ राजमार्ग पर आयरन गार्ड में पौधों की सिंचाई करता वनकर्मी।

- **वन विभाग ने पौधों की सुरक्षा को खर्च किए 5 लाख**
- **हर माह होती है सिंचाई, 80 प्रतिशत पौधे हैं जीवित**

**अमृत विचार :** पिछले साल बदायूं मेरठ राजमार्ग पर वन विभाग द्वारा लगाए गए पौधों की सुरक्षा को लेकर विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। करीब दो सौ पौधों पर आयरन गार्ड लगाए गए हैं जबकि अन्य पौधों की सुरक्षा को कुछ और आयरन गार्ड लगाए जाएंगे। करीब पांच लाख की धनराशि पौधों की सुरक्षा पर खर्च की गयी है।

वर्ष 2024 -25 में वन विभाग ने जनपद के सभी मुख्य राजमार्ग पर बड़े स्तर पर पौधरोपण किया। कई अन्य विभागों ने पौधे लगाए। पौधों की देखभाल भी विभाग ने जिम्मेदारी के साथ की। पौधों की सुरक्षा को पिछले साल जुलाई माह में बदायूं मेरठ राजमार्ग पर लगाए गए पौधों की गणना की जिसमें 80 प्रतिशत पौधे जीवित पाए गए जबकि कुछ पौधे जंगली जानवरों ने नष्ट कर दिए। वन विभाग ने पौधों की सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाए। करीब दो सौ पौधों को आयरन गार्ड से सुरक्षित किया गया। इनमें शीशम, जामुन, नीम और बरगद के पौधे शामिल हैं। वन विभाग के अनुसार एक आयरन गार्ड की कीमत करीब नौ सौ रुपए है। जबकि दो सौ पौधों पर आयरन गार्ड लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त पौधों की सिंचाई पर धन खर्च किया गया। पौधों की देखभाल करने वाले कर्मचारियों एवं पौधों के आस पास घास को काटने वाले पर धन खर्च किया गया। करीब पांच लाख की धनराशि उक्त पौधों की देखभाल पर खर्च की जा चुकी है।

वन विभाग अधिकारियों ने बताया कि इस साल भी पौधों पर आयरन गार्ड लगाए जाएंगे। मुख्यता बदायूं मेरठ राजमार्ग पर ही पौधों की देखभाल की जा रही है जिससे हाईवे पर जल्द पौधे तैयार हो सकें। लोगों को छांव मिल सके। बदायूं मेरठ राजमार्ग स्थित ग्राम कुड़ा नरसिंहपुर से आगे हाईवे पर पौधों की सिंचाई के लिए विभाग का टैंकर लगाया गया है। जो पिछले दस दिन से पौधों की सिंचाई कर रहा है। टैंकर से सभी पौधों को पानी दिया जा रहा है। पौधों की सुरक्षा को लेकर स्थानीय लोगों की मदद ली जा रही है।

### एमएफ हाईवे पर भी विभाग ने शुरू की देखभाल

एमएफ हाइवे पर वन विभाग ने पिछले साल करीब एक हजार से अधिक पौधे रोपे। जिनकी हर माह सिंचाई की जाती है। एमएफ हाइवे स्थित बिसौली वजीरगंज और ओरछी के आस पास लगाए गए पौधों की गणना भी की गयी है जिससे उधर जीवित पौधों की सही संख्या ज्ञात हो सके। पौधों की सुरक्षा को वन विभाग की टीम रोड पर गश्त करती है। जिससे स्थानीय लोगों व छुट्टा गोवंश से पौधों को बचाया जा सके। इस रोड पर सैदपुर तक पौधरोपण किया गया था जबकि आगे कुछ अन्य विभागों ने पौधारोपण किया था।

### निर्माणाधीन हाइवे पर भी होगा पौधरोपण

वर्ष 2026-27 के लिए होने वाले पौधा रोपण को भी हाइवे के आसपास का क्षेत्र चिन्हित किया गया है। इसमें बिसौली से कुंवरगांव होते हुए दातागंज क्षेत्र तक करीब एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। निर्माणाधीन हाइवे के आस पास पौधारोपण करना विभाग की प्राथमिकता है। हाइवे के इर्द गिर्द शीशम, जामुन, बरगद, नीम और पाकड के पौधे लगाए जाएंगे। जनपद के वन क्षेत्र में भी खाली स्थानों पर इस बार बड़े स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। स्थान चिह्नित कर लिए गए हैं। जुलाई से पौधा रोपण शुरू कर दिया जाएगा।

# पूर्व सैनिक परिषद का होली मिलन समारोह आयोजित



होली मिलन समारोह में मौजूद पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का रविवार शाम अम्बेडकर पार्क मे होली मिलन समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रिसालदार विजय रतन सिंह रहे। होली मिलन समारोह में एक दूसरे से गले मिल कर गिले शिकवे भुलाने का आवाहन किया गया और एकजुट रहने पर जोर दिया गया।

होली मिलन समारोह में पूर्व सैनिक कैप्टन सत्यवीर सिंह, शिवशंकर सिंह, मनोज कुमार पाठक, वीरपाल, महिपाल सिंह, ओमप्रकाश सिंह, ओमकार सिंह, जितेंद्र पाल सिंह, हेमेंद्र कुमार पाल, डोरीलाल, बिजेंद्र पाल सिंह, रामचंद्र, सत्यपाल सिंह, योगेन्द्र पाल सिंह, बादशाह,ओमपाल सिंह,अमर सिंह,नेम सिंह, परशुराम सिंह, लाल सिंह, कैलाश कुमार सिंह, छबि सिंह, अविनाश सिंह, राकेश कुमार सिंह, इंद्रपाल सिंह, जयवीर सिंह, बीरेन्द्र सिंह, संतोष कुमार सिंह आदि मौजूद लोग मौजूद रहे। होली मिलन समारोह में कुछ पूर्व सैनिकों को नए पदों की जिम्मेदारी भी दी गई।

# विश्व विजेता बनने पर हुई आतिशबाजी

- **विभिन्न संगठनों की ओर से रविवार देर रात तक जगह-जगह मनाया गया जश्न**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



विश्व विजेता बनने पर रानी लक्ष्मीबाई चौराहे पर खुशी मनाते युवा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय टीम ने रविवार को टी20 विश्व कप के फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराकर इतिहास रच दिया। इस मैच मे कई रिकॉर्ड बने। साथ ही टीम ने करोड़ों देशवासियों का दिल जीता। 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर 159 रनों पर न्यूजीलैंड का 10वां विकेट गिरा तो हर भारतीय अपने पैरों पर खड़ा हो गया। आंखों में खुशी से नमी थी तो दिल जोर से धड़क रहा था। जीत होते ही लोगों ने आतिशबाजी छोड़ी। भारत माता के जयकारे लगाए।

विश्व विजेता बनते ही श्री भगवा सेना और युवा मंच संगठन ने रानी लक्ष्मीबाई चौक पर खुशी मनाई। हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जयकारे लगाए। वंदे मातरम से वातावरण गुंजायमान रहा। भारतीय टीम जिंदाबाद के नारे लगाए। तिरंगा लहराते देखकर राहगीर भी रुके और खुशी में शरीक हुए। संगठन के अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता, अजय दिवाकर, अर्जुन कुमार, नितिन दिवाकर, अर्जुन शाक्य, लकी, राजा दिवाकर, ललित कुमार आदि युवा मौजूद रहे। देर रात तक आतिशबाजी करते रहे।

# आर्य एजी ग्रुप पर कांग्रेसजनों ने लगाया घपला करने का आरोप

- **बगरैन गोदाम से 1031 एमटी अनाज गायब करने का आरोप**

**बदायूं, अमृत विचार:** बगरैन गोदाम से आर्य एजी ग्रुप द्वारा 1031 एमटी अनाज गायब करने का आरोप कांग्रेस के पदाधिकारियों ने लगाया है। जिसकी कीमत चार करोड बताई जा रही है। पार्टी अधिकारियों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर ओमकार सिंह ने कहा कि दोषी निदेशकों के खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। इस मौके पर रमेश चंद्र श्रीवास्तव, उल्फत सिंह कठेरिया, ज़ाहिद अली, डा सरताज हुसैन, नूरी जसवीर यादव, हरीश पटेल आदि उपस्थित रहे।

# सब्जियों के बढ़ने लगे दाम, लोगों का बढ़ा खर्च

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **भिंडी 100 रुपये और मटर बिक रही 40 रुपये प्रति किलो**

**अमृत विचार:** रसोई गैस के दाम बढ़ने से महिलाएं पहले से हताश हैं। अब मौसमी सब्जियों के दाम में इजाफा होने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सब्जी खरीदने दौरान लोगों को अधिक जेब ढीली करनी पड़ रही है। जिससे महिलाओं के रसोईघर का बजट बुरी तरह से गड़बड़ा गया है।

तेल कंपनियों की ओर से हाल ही में रसोई गैस सिलेंडर पर 60 रुपए की बढ़ोत्तरी कर दी है। वहीं सरकार की ओर से 25 दिनों बाद सिलेंडर दिए जाने का नियम सख्ती से लागू करने का फरमान जारी कर दिया है। जिसके कारण महिलाएं पहले से ही परेशानी में आ गई हैं। अब मौसमी सब्जियों के दाम बढ़ने से उन्हें एक और चिंता में डाल दिया है। होली त्योहार बीतने के बाद सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं। करेला, तोरई, और भिंडी 80 से 100 रुपये किलो तक बिक रही है।



नगर पालिका में सब्जी बेटते ठेले वाले।

वहीं अब तक 20 रुपए किलो रुपये बिकने वाली मटर के दाम भी 40 से 50 रुपये तक पहुंच गए हैं।

लौकी और खीरा भी 30 से 40 रुपये किलो में बिक रहा है। सब्जी विक्रेता हरपाल का कहना है कि होली बीतने के बाद सहालग शुरू हो गए हैं। सहालग शुरू की वजह से थोक मंडी में इनके दाम बढ़ गए हैं। मंडी में थोक में ही सब्जियां बिक रही हैं। मंडी में थोक में ही सब्जी बिकने की वजह से कम मिल रही है। सब्जी सोहन पाल का कहना है कि अभी मौसमी सब्जी आनी शुरू हुई है। जिससे इनके भाव अधिक हैं। कई सब्जियां बाहर से आ रही हैं। कुछ दिनों बाद स्थानीय स्तर से सब्जियां आनी शुरू हो जाएगी। इसके बाद इनके दाम कम हो जाएंगे।

छह सड़का स्थिति सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने के लिए पहुंची सिविल लाइन निवासी महिला रेखा, शिवानी और शैलेंद्र ने बताया कि कभी गैस के दाम बढ़ जाते है, तो कभी सब्जी के दाम, जिस कारण रसोई का बजट बिगड़ जाता है। जो सब्जी खाने के लायक है, उनके दाम आसमान छू रहे है। जब शादी का सीजन शुरू होता है, दामों में उछाल आ जाता है। जब दाम कम होते है तो दोनों समय सब्जी बनाते हैं, लेकिन महंगी होने ही एक ही समय में बनाकर दोनों समय पर काम चलाना पड़ता है।

## न्यूज ब्रीफ

### असफलता पर खुद को जिम्मेदार मान करें मंथन

बिल्सी, अमृत विचार : तहसील बिल्सी क्षेत्र के यज्ञ तीर्थ गुधनी स्थित प्रज्ञा यज्ञ मंदिर में साप्ताहिक सत्संग आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अथर्ववेद के मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ करके की गई। आचार्य संजीव रूप ने यज्ञ संपन्न कराते हुए प्रवचन देते हुए कहा कि व्यक्ति को अपनी सफलता का श्रेय सिर्फ खुद को नहीं, बल्कि परिवार, मित्रों और समाज को भी देना चाहिए। जब भी कोई व्यक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करे तो उसे यह मानना चाहिए कि यह सब अपनों के आशीर्वाद और सहयोग से संभव हुआ है। असफलता मिलने पर दूसरों को दोष देने के बजाय खुद को जिम्मेदार मानकर आत्ममंथन करना चाहिए। इससे व्यक्ति अपने जीवन में आगे बढ़ने के रास्ते तलाश कर सकता है। जो व्यक्ति अपने जीवन में सुख और शांति चाहता है, उसे अपेक्षा और उपेक्षा दोनों से दूर रहना चाहिए। राकेश आर्य, पंजाब सिंह, कमलेश कुमारी, सूरज वती देवी, सरोज देवी, अगरपाल सिंह, बद्री प्रसाद आर्य, ईशा आर्य, विनीत कुमार सिंह, संजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

### किसान की ट्रॉली चोरी रिपोर्ट दर्ज

ओरछी, अमृत विचार : फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के कस्बा मुड़िया धुरेकी में किसान की ट्रॉली चोरी हो गई। किसान के तलाश करने के बाद भी ट्रॉली नहीं मिली तो पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। कस्बा निवासी किसान बलवीर सिंह पुत्र तेजपाल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 जनवरी की रात चोर उनकी ट्रॉली चोरी करके ले गए। उन्होंने ट्रॉली की तलाश की थी लेकिन कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने अब जाकर मामले की रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की है। चोरों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### सोने की मूर्ति बताकर दस लाख रुपये ठगे

शाहजहांपुर, अमृत विचार : हरिद्वार के एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि रोजा थाना क्षेत्र के दो लोग उसके संपर्क में आए और कहा कि सोने की मूर्ति है और दस लाख रुपये में बेचना चाहते है। आरोपियों ने उसे मूर्ति देने के लिए रविवार को जमुका बुलाया। आरोपियों ने उससे दस लाख रुपये ले लिए और मूर्ति दे दी। उसने मूर्ति की सुनार की दुकान पर जांच कराई तो मूर्ति पीतल की निकली। दोनों आरोपी गायब हो गए। रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# 127 सचिवालय हुए डिजिटल क्यूआर कोड से होगा भुगतान

## सचिवों को उपलब्ध कराया जाएगा ऑनलाइन सर्विस का क्यूआर कोड, चल रही प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: जनपद की 127 ग्राम पंचायतों के सचिवालय एक अप्रैल से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष में बदले हुए नजर आएंगे। इन्हें डिजिटल करने की प्रक्रिया चल रही है। इन सचिवालयों में भुगतान प्रक्रिया भी पूरी तरह से डिजिटल रहेगी। इनमें प्रत्येक कार्य के लिए शुल्क भुगतान क्यूआर कोड से ही होगा। नकद राशि किसी भी ग्राम सचिवालय में नहीं ली जाएगी। शासन से ग्राम पंचायतों की सूची जारी होने के बाद सचिवालयों में व्यवस्थाएं करनी शुरू होने लगी हैं।

जिले में 1036 ग्राम पंचायतें हैं। इन सभी ग्राम पंचायतों में सचिवालय बने हुए हैं। इनमें पंचायत सहायकों के द्वारा सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

- जिले की 1036 ग्राम पंचायतों में बने हैं सचिवालय

इन सचिवालयों में मृत्यु प्रमाण पत्र, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड समेत कुल 243 सेवाएं ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

ग्रामीणों को इन सेवाओं का लाभ ग्राम पंचायत सचिवालयों के माध्यम से मिल रहा है। इन सेवाओं का लाभ लेने वाले ग्रामीणों से अब तक ऑफलाइन भुगतान लिया जाता है। लेकिन अब भुगतान प्रक्रिया ऑनलाइन की जाएगी।

डीपीआरओ ने बताया कि जिले की 127 बड़ी ग्राम पंचायतों के सचिवालयों को डिजिटल किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों की सूची विभाग को मिल गई है। चयनित ग्राम पंचायतों में व्यवस्था पूरी कराई जा रही हैं।

डीपीआरओ ने बताया कि डिजिटल होने के बाद ग्राम सचिवालय में मिलने वाली सरकारी सेवाओं के लिए ग्रामीणों को नकद भुगतान के लिए जिले में पंचायत सेवाओं का शुल्क जमा करने के लिए क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान की व्यवस्था शुरू की जाएगी। इन ग्राम पंचायतों के सचिवों को ओएसआर (ऑनलाइन सर्विस रजिस्टर) का क्यूआर कोड उपलब्ध कराया जाएगा। ग्रामीण क्यूआर कोड स्कैन कर विभिन्न सेवाओं का शुल्क ऑनलाइन जमा कर सकेंगे।

### ऑनलाइन मिलेंगी सभी सेवाएं

डीपीआरओ ने बताया कि सचिवालयों के माध्यम से ग्रामीणों को 23 सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है। इन सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए क्यूआर कोड आधारित भुगतान व्यवस्था लागू की जाएगी। इससे लाभार्थी आसानी से डिजिटल माध्यम से शुल्क जमा कर सकेंगे और सभी लेनदेन पारदर्शी होगा व रिकॉर्ड भी सुरक्षित रहेगा।

> जिले की 127 ग्राम पंचायतें डिजिटल होने जा रही हैं। शासन की ओर से ग्राम पंचायतों की सूची भेजी गई है। इन सभी ग्राम सचिवालयों में नए वित्तीय सत्र के डिजिटल शुल्क लेने की व्यवस्था प्रभावी कर दी जाएगी। साथ ही सचिवालयों को क्यूआर कोड भी जारी किया जाएगा।
>
> -यावर अब्बास, डीपीआरओ।

# युवक के साथ मारपीट, तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कुंवरगांव, अमृत विचार : गांव हरहरपुर निवासी कुंवरपाल पुत्र वेदराम ने पुलिस को बताया कि चार मार्च को शाम लगभग सात बजे वह गांव में लोगों से होली मिल रहे थे। इस दौरान गांव के ही कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में उनके सिर व शरीर पर चोटें आई हैं। आरोप है कि हमलावर उनसे पुरानी रंजिश रखते हैं और पहले भी कई बार उसे परेशान कर चुके हैं। घटना के बाद वह थाने पहुंचे और तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने उस समय कार्रवाई नहीं की। अब पुलिस ने रविवार को मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी राजेश कौशिक ने बताया कि तहरीर के आधार पर गेंदन लाल, शेर सिंह और विमला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

- मारपीट में उनके सिर और शरीर पर चोटें आई हैं

# होली मेला में विभिन्न सामान की लगी दुकानें



मेला में लगी दुकान से खरीदारी करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, आसफपुर

अमृत विचार: आसफपुर के प्राचीन सिद्ध बाबा पुल वाले महाराज मंदिर पर होली मेला लगा है, जिसमें ग्रामीणों द्वारा मौज मस्ती करने के साथ खरीदारी की जा रही है। बच्चे और महिलाएं मेला का लुत्फ उठा रहे हैं।

मेला में बड़े पैमाने पर फर्नीचर कारोबारियों, लोहे का घरेलू सामान व बच्चों के खिलौने व मिठाइयों की दुकानें सजी हुई हैं। मंदिर पर लगे मेला में सोमवार को मोहकमपुर, दबथरा, आसफपुर, मानपुर, मन्नू नगर, सीकरी, कोरेरा, पहाड़पुर, मलखानपुर, सहावर, हरदासपुर, पुरवा खेड़ा, भूड़ बिसौली, नहडोली, तखौरा, किशनपुर, खरगपुर, नूर नगर कौड़िया आदि गांव के लोग भारी संख्या में पहुंचे। जिससे भीड़ अधिक बढ़ गई। मेले के आयोजक गजराज यादव, राकेश उपाध्याय ने बताया कि मेले में ढोला, दंगल कार्यक्रम के साथ मां दुर्गा देवी का जागरण किया जाएगा। बताया कि 16 मार्च को देवी जागरण का आयोजन किया जाएगा।

- प्राचीन सिद्ध बाबा पुल वाले महाराज मंदिर पर ढोला, दंगल के साथ मां दुर्गा का जागरण होगा

# परिवार की आधारशिला ही नहीं राष्ट्र निर्माण की शक्ति है नारी



कार्यक्रम को संबोधित करतीं संस्थापक डॉ. प्रतिभा गुप्ता।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद संगठन की पदाधिकारी और अन्य महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : अखिल भारतीय सर्व समाज महिला कुटुंब संगठन की ओर से कृष्णा लॉन में महिला दिवस और होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। महिलाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विभिन्न क्षेत्र में बेहतर योगदान देने वाली महिलाओं जैसे चिकित्सक डॉ. रुचि गुप्ता, एकल विद्यालय की शिक्षिका, महिला अधिवक्ता, घटपुरी की प्रधान अनुपमा को सम्मानित किया गया।

संस्था की संस्थापक डॉ. प्रतिभा गुप्ता ने कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं बल्कि समाज की राष्ट्र निर्माण की सशक्त शक्ति भी है। एक नारी मां के रूप में संस्कार देती है, बहन के रूप में स्नेह, बेटी के रूप में घर में खुशियां लाती है और शिक्षिका के रूप में समाज को दिशा देती है। आज की नारी शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन, राजनीति, खेल और सामाजिक सेवा हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही है। यह परिवर्तन केवल महिलाओं की प्रगति नहीं बल्कि पूरे समाज की प्रगति का संकेत है।

अध्यक्ष डॉ. ममता नौगरिया ने कहा कि हमें मिलकर ऐसा वातावरण बनाना होगा जहां हर बेटी को शिक्षा मिले, हर महिला को सम्मान मिले और हर नारी अपने सपनों को साकार कर सके। यही सच्चे अर्थों में महिला सशक्तिकरण होगा। नीता गुप्ता ने संकल्प दिलाया कि समाज में नारी सम्मान ,समानता और सुरक्षा की भावना को और अधिक मजबूत करेंगे।

पूनम गुप्ता ने प्रभावशाली तरीके से विचार रखे। मुख्य अतिथि सदर विधायक की पत्नी विमलेश गुप्ता, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, चेयरपर्सन नैना गुप्ता, दीपमाला गोयल, बिसौली विधायक की पत्नी सुषमा मौर्य, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चंद्रा, कंज्यूमर फोरम की सदस्य मधु सक्सेना, डॉ. मधु गौतम, मंजुल शंखधार, पूनम गुप्ता, पूनम विमल वैश्य, मंजू गुप्ता, गीता गुप्ता, नेहा शरद, मधु अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, डॉ. प्रतिभा मिश्रा, सुमन गुप्ता आदि उपस्थित रहीं। संचालन ज्योति दीक्षित ने किया।

- अखिल भारतीय सर्व समाज महिला कुटुंब की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

# बाढ़, भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं के लिए खुद को रखें तैयार

- विकास क्षेत्र कादरचौक के कंपोजिट विद्यालय असरासी में चल रहा है स्काउट-गाइड शिविर



स्काउट-गाइड शिविर में मीनार बनाना सीखते बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : विकास क्षेत्र कादरचौक के कंपोजिट विद्यालय असरासी में चल रहे स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन गांठ बंधन, प्राथमिक उपचार, घायल व्यक्ति को सुरक्षित ढंग से ले जाने की तकनीक सिखाई गई।आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के तरीकों के साथ ही विभिन्न प्रकार की गांठ व बंधन, तंबू निर्माण सिखाया। बच्चों ने गगनचुंबी मीनारें बनाईं।

वरिष्ठ शिक्षक कृष्ण पाल शाक्य ने स्काउट ध्वज फहराकर कहा कि स्काउटिंग के प्रशिक्षण से बच्चों में अनुशासन, जिम्मेदारी और समाज सेवा की भावना का विकास हो रही है। बच्चे देश के श्रेष्ठ नागरिक बन रहे हैं। स्काउट संस्था के पूर्व जिला प्रशिक्षण आयुक्त संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि स्काउटिंग जीवन जीने की कला है, जो हमें कम साधनों में सुव्यवस्थित जीवन जीना सिखा रही है। उन्होंने बाढ़, भूकंप और अन्य प्राकृतिक आपदाओं में स्वयं को तैयार रखने, राहत एवं बचाव कार्यों की ट्रेनिंग दी। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश यादव ने शिविर का निरीक्षण करके कहा कि बच्चे अपनी अथाह शक्ति को राष्ट्रहित में लगाएं। प्रधानाध्यापक राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ. जुगल किशोर ने बच्चों को तंबू निर्माण, जंगलों में झोपड़ी तैयार करना और सीमित संसाधनों में जीवन जीने की कला का महत्व बताया। शिक्षिका बलगा इंटल सुमन, रूबी शर्मा, सरिता देवी, महफूज हुसैन, अजीम खान आदि मौजूद रहे।

# गर्भवतियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

संवाददाता, बिल्सी



महिलाओं को देखती डॉ. जयश्री शर्मा। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री सुरक्षा मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र की करीब 25 से अधिक गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए सलाह भी दी।

महिला चिकित्सक डॉ. जयश्री शर्मा ने गर्भवती महिलाओं को बताया कि गर्मियों में शरीर में पानी की कमी जल्दी हो जाती है, इसलिए दिन में कम से कम 8 से 10 गिलास पानी अवश्य पीना चाहिए। इसके साथ ही नारियल पानी, नींबू पानी, छाछ और ताजे फलों के रस का सेवन भी लाभदायक होता है। उन्होंने बताया कि दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक तेज धूप में निकलने से बचना चाहिए। यदि किसी कारण बाहर जाना जरूरी हो तो छाता, टोपी या दुपट्टे का उपयोग करना चाहिए ताकि धूप से बचाव हो सके। डॉक्टर ने गर्भवती महिलाओं को हल्के और सूती कपड़े पहनने की सलाह देते हुए कहा कि इससे शरीर को ठंडक मिलती है और पसीने से होने वाली परेशानी भी कम होती है।

इसके अलावा संतुलित और हल्का भोजन लेने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि भारी और अधिक मसालेदार भोजन से बचना चाहिए। हरी सब्जियां, मौसमी फल जैसे तरबूज, खरबूजा और खीरा, साथ ही दही और सलाद का सेवन गर्भवती महिलाओं के लिए लाभदायक रहता है। इस मौके पर प्रभारी अधीक्षक डा.अनिल कुमार गुप्ता, सुमन शर्मा, शशिवाला आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, धेवता घायल

संवाददाता, ओरछी



हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर थाना फैजगंज बेहटा के ठीक सामने सड़क हादसे में नानी और धेवता गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की तेज आवाज पर पुलिसकर्मी दौड़ के बाहर आए और घायलों को अस्पताल भेजा। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों में चीत्कार मच गया। वहीं हादसे के बाद राजमार्ग पर जाम की स्थिति पैदा हो गई।

थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव महोरी निवासी ममता पत्नी नेकपाल अपने धेवते विकास के साथ बाइक पर सवार होकर चंदौसी से अपने गांव वापस लौट रही थीं। उनकी बाइक थाने के सामने पहुंची। ट्रैक्टर-ट्रॉली और टेंपो के बीच उनकी बाइक आ गई। जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और राजमार्ग पर गिर गई। हादसे में नानी-धेवता भी राजमार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर दौड़ पड़े। पुलिस ने अपनी गाड़ी से दोनों को पास के अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान ममता ने दम तोड़ दिया। धेवते का इलाज चल रहा है। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। पुलिस ने आवागमन दुरुस्त कराया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए भेजा गया था। जहां महिला ने दम तोड़ दिया है।

- दो वाहनों की बीच फंसकर अनियंत्रित हुई बाइक


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

डी.पी.पी. डिग्री कालेज
धनकुना, पीलीभीत
आवश्यकता है
- बी.ए. राजनीति शास्त्र शिक्षण हेतु प्रवक्ता-01 पद
- बी.ए. संस्कृत शिक्षण हेतु प्रवक्ता-01 पद
योग्यता : यू.जी.सी. के मानकानुसार
प्रबन्धक मो. 7060007653

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भू-अभिलेख/खतौनी व आधार कार्ड में मेरा नाम सोयव अंकित है अब मैंने अपनी स्वेच्छा से अपना नाम स्थायी रूप से बदलकर सुहैल रख लिया है। भविष्य में मुझे सुहैल के नाम से जाना व पहचाना जाए। सुहैल पुत्र मुनव्वर नि. ग्राम दियुहिया पो. भावलखेड़ा, तह. व जिला शाहजहांपुर मो. 6386822824

Asim College of Law
Meera Sarai Sheikhupur Road, Budaun (UP)
Requirement
Principal
Eligibility: LL.M. and Ph.d.
with 15 Years Teaching Experience
Assistant Professor (Law)
Eligibility: LL.M. and Ph.d. or NET
Assistant Professor (B.A.)
Subjects: Sociology, Political Science, Economics, English and History
Eligibility: M.A. and Ph.d. or NET
Interested candidate may submit their updated Resume along with relevant documents within15 days.
Note: Kindly send the resume at career.asmdc@gmail.com and mentioned the post of the SUBJECT column.
Ph. No. 724990233, 9410643446

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


कार्ययोजना

शासन के दिए निर्देश, किसानों की सिंचाई न हो प्रभावित

# सरकारी नलकूपों के बदले जाएंगे केबल और खंभे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : जनपद में राजकीय नलकूपों की जर्जर बिजली लाइन और केबल बदलने को नलकूप विभाग ने बिजली विभाग को पत्र सौंपा है। गर्मी में किसानों की सिंचाई प्रभावित न हो इसलिए मार्च माह में ही सभी नलकूपों की लाइन दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। नलकूप विभाग ने कार्ययोजना तैयार कर बिजली विभाग को पत्र सौंपा है।

जिले में 1214 राजकीय नलकूप हैं जो लगभग सभी चालू स्थिति में हैं कुछ नलकूपों की मरम्मत की गयी है जबकि कुछ नलकूपों की मोटर बदली गयी है। शासन के निर्देश हैं कि अब गर्मी शुरू हो चुकी है। किसानों को फसलों की सिंचाई में दिक्कत न हो इसलिए जर्जर तार और पुरानी केबल बदली जाए।

उक्त निर्देश के बाद विभाग ने अपनी कार्ययोजना बना कर बिजली विभाग को पत्र सौंपा है जिसमें करीब 37 राजकीय नलकूपों की केबल और 58 नलकूपों की जर्जर लाइन ठीक करने को कहा है।

नलकूप विभाग ने कहा है कि मार्च माह में ही उक्त कार्य कराए जाने हैं इसलिए अभी से कार्य शुरू कर दिया जाए।

नलकूप विभाग का कहना है कि उक्त कार्य में करीब बीस दिन का समय लगेगा उसके बाद नलकूपों से स्थानीय किसानों को सिंचाई को पानी मिल सकेगा।

### एक साल पूर्व कंपनी ने किया था काम

राजकीय नलकूपों की मरम्मत का कार्य विभाग ने पिछले साल एक कंपनी से कराया था। कंपनी ने सभी नलकूपों को चेक कर नई मशीन लगा कर विभाग को दी थी। जिससे नलकूप विभाग के शत प्रतिशत नलकूप चालू स्थिति में है।अब बिजली विभाग को जो पत्र दिया गया है उसमें केवल लाइनों की मरम्मत करने को कहा गया है। नलकूप विभाग के तीनों खंडों में काम किया जाना है। अधिकांश कार्य सहसवान बिसौली और कछला क्षेत्र में किया जाएगा।

### स्थानीय किसान ही चलाते हैं नलकूप

राजकीय नलकूपों को चलाने के लिए स्थानीय किसानों को ही दायित्व सौंपा गया है। हालांकि विभाग के ऑपरेटर टयूबवैल की देखभाल करते हैं। फिर भी स्थानीय किसान ही सरकारी नलकूपों को चलाने की जिम्मेदारी संभालते हैं। जनपद में लगभग दो सौ नलकूप ऑपरेटर ही हैं।इसलिए अधिकांश किसानों को नलकूप चलाने की जिम्मेदारी दी गयी है।

> मार्च के अंत तक सभी नलकूपों पर काम पूरा कर लिया जाएगा। विभाग ने बिजली विभाग को पत्र दिया है जिससे मार्च माह में ही काम पूरा करने को कहा गया है। जिससे किसानों को सिंचाई करने में दिक्कत न हो।
>
> -सूर्य प्रकाश, अधिशासी अभियंता, नलकूप विभाग प्रथम।

# प्रेमी युवक के साथ गई दो बच्चों की मां

विजय नगला, अमृत विचार : सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी शादी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के साथ 8 साल पहले हुई थी। उनके 6 साल की बेटी और 2 साल का बेटा है। इस बीच पत्नी की गांव के युवक जान पहचान हो गई। दोनों एक-दूसरे से चैट करने लगे। 20 अक्टूबर 2025 को वह किसी काम से बाहर गए थे। वापस लौटे तो बेटी ने बताया कि उनकी पत्नी को रंजीत कहीं ले गया है। पत्नी 66 हजार रुपये, सोने की दो तोला की चेन, चांदी की पायल आदि सामान ले गई है। युवक ने रंजीत से पत्नी को वापस करने को कहा लेकिन वह नहीं मान रहा। आशंका जताई कि उसने पत्नी को बंधक बनाकर रखा है। उसकी जान का खतरा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो वह कोर्ट की शरण में गए। कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# ब्राह्मण एकता परिषद ने की यूजीसी वापस लेने की मांग



ब्राह्मण समाज की बैठक में शामिल लोग। ● अमृत विचार

बदायूं, अमृत विचार : अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद, अवध प्रांत, उत्तर प्रदेश की एक बैठक ब्लाक म्याऊ के गांव जमालपुर में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राम अवतार मिश्रा ने की। संचालन शिवओम तिवारी व विनय कुमार उर्फ केतक शर्मा ने किया। बैठक में यू जी सी के बारे में चर्चा की गई। सरकार से यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग की गयी।

रामावतार मिश्रा ने कहा कि यूजीसी कानून को वापस लिया जाए। इस कानून से सवर्ण समाज में क्रोध है। म्याऊं ब्लाक अध्यक्ष श्री शिव ओम तिवारी ने कहा कि हमने तन मन धन से सरकार बनाने के लिए कार्य किया था। लेकिन सरकार ने हमारे हक और अधिकार को ही छीन लिया। बैठक में कमलेश तिवारी, भगवती देवी वशिष्ठ, विनय कुमार उर्फ केतक शर्मा, राजेश तिवारी, नत्थू लाल तिवारी, इन्द्र देव तिवारी, राजीव शर्मा, मुनीश चन्द्र शर्मा, राममूर्ति शर्मा, विमल मिश्रा, उदयवीर यादव, भूरे सिंह, अनेक पाल सिंह, किशोर चन्द्र शर्मा, मोनू तिवारी, देवेन्द्र शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, कामता प्रसाद शर्मा, साकेत मिश्रा, मंगल मिश्रा, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

